ISSN : 1549-523-X
UGC-CARE Listed Journal

वर्ष : 19, अंक 4, अक्टूबर-दिसम्बर 2021
Vol. 19, No. 4, October-December 2021

आज़ादी का अमृत महोत्सव

विज्ञान प्रकाश
VIGYAN PRAKASH

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रिसर्च जर्नल
Research Journal of Science & Technology

लोक विज्ञान परिषद, दिल्ली
एवं
विश्व हिन्दी न्यास, न्यूयॉर्क
का प्रकाशन

लोक हिताय विज्ञानम्

ISSN : 1549-523-X, UGC-CARE Listed Journal

विज्ञान प्रकाश - विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रिसर्च जर्नल, वर्ष:19, अंक 4, अक्टूबर-दिसम्बर, 2021

VIGYAN PRAKASH : Research Journal of Science & Technology, **Vol. 19, No. 4, October-December 2021**

संस्थापक मुख्य सम्पादक / Founder Chief Editor

- **स्व. प्रो. राम चौधरी / Late Prof. Ram Chaudhari**
  54, Perry Hill Raod, Oswego, NY, 13126, USA

मुख्य सम्पादक / Chief Editor

- **प्रो. ओम विकास / Prof. Om Vikas**
  Hon. Advisor, Bhartiya Vidya Bhavan, Delhi
  President, Lok Vigyan Parishad
  Formerly, Director, ABV-Indian Inst. of IT & Management Gwalior;
  & Counsellor (S&T), Indian Embassy, Japan;
  & Sr. Director, Ministry of Electronics & IT
  dr.omvikas@gmail.com

सलाहकार मण्डल / Advisory Board

- **डॉ. विजय कुमार सारस्वत / Dr. V. K. Saraswat**
  Member, NITI Aayog, Govt. of India &
  Chancellor, Jawaharlal Nehru University, New Delhi.
  Formerly, Secretary, Defence (R&D)
  & Scientific Adviser to Raksha Mantri
  & DG DRDO (Ministry of Defence).
  vk.saraswat@gov.in
- **प्रो. जगदीश नारायण / Prof. Jagdish Narayan**
  Distinguished Chair Professor & Director,
  NSF Center for Advanced Materials and Smart Structures,
  Dept. of Materials Science and Engineering,
  Centennial Campus, North Carolina State University,
  Raleigh, NC 27695-7907.
  J_Narayan@ncsu.edu
- **डॉ. श्याम कुमार शुक्ल / Dr. Shyam K. Shukla**
  Executive Director, World Hindi Foundation
  44949 Cougar Circle, Fremont, CA 94539, USA
  shuklas@comcast.net
- **प्रो. आलोक कुमार / Prof. Alok Kumar**
  Department of Physics, State University of New York,
  Oswego, New York 13126
  Alok.kumar@oswego.edu

सम्पादक मण्डल / Editorial Board

- **प्रो. ओउम् प्रकाश शर्मा / Prof. Oum Prakash Sharma**
  Director, NCIDE, IGNOU, New Delhi-110068
  & Gen. Secy., Lok Vigyan Parishad
  opsharma@ignou.ac.in
- **प्रो. अनुपम शुक्ल / Prof. Anupam Shukla**
  Director, Indian Institute of Information Technology,
  (IIIT), Pune, Maharashtra
  dranupamshukla@gmail.com
- **प्रो. (डॉ.) अजय चौधरी / Prof. (Dr.) Ajay Choudhary**
  Professor & Head, Dept. of Neurosurgery,
  ABV-Institute of Medical Sciences & RML Hospital,
  New Delhi
  ajay7.choudhary@gmail.com
- **प्रो. प्रतापानन्द झा / Prof. Pratapanand Jha**
  Director, Cultural Informatics Lab (CIL)
  & National Manuscripts Mission, IGNCA, New Delhi
  pjha@ignca.nic.in
- **प्रो. कृष्ण कुमार मिश्र / Prof. Krishna Kumar Mishra**
  Homi Bhabha Centre for Science Education, TIFR,
  Mumbai - 400088
  kkm@hbcse.tifr.res.in
- **श्री रामशरण दास / Sh. Ram Sharan Das**
  49, Sector-4, Vaishali, Ghaziabad 201010, U.P.
  rsgupta_248@yahoo.co.in

प्रकाशन सहयोग / Publication Support

- **लोक विज्ञान परिषद् / Lok Vigyan Parishad**
  C-15, Tarang Apratment, 19 IP Extension, Delhi-110092
  www.LokVigyanParishad.in / www.VigyanPrakash.in

ऑनलाइन प्रदर्श (वैबसाइट) / Online Presence (Website)

- **दिव्या शर्मा / Divya Sharma**
  Designer's Bliss, Sydney, NSW, Australia
  www.designersbliss.com

विश्व हिन्दी न्यास से संस्थापित एवं लोक विज्ञान परिषद, दिल्ली द्वारा प्रकाशित

UGC-CARE समिति से अनुमोदित हिन्दी में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रिसर्च जर्नल - **विज्ञान प्रकाश**

ISSN : 1549-523-X; www.VigyanPrakash.in

विज्ञान प्रकाश रिसर्च जर्नल में प्रकाशित लेख/सामग्री लेखकों के अपने निजी विचार हैं। **विज्ञान प्रकाश** के संपादक मंडल तथा प्रकाशक का कोई दायित्व नहीं है।

UGC-CARE Listed Journal ISSN: 1549-523-X

विज्ञान प्रकाश : विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी रिसर्च जर्नल, वर्ष :19, अंक 4, अक्टूबर-दिसम्बर, 2021

VIGYAN PRAKASH : Research Journal of Science & Technology, Vol. 19, No. 4, October-December 2021

(www.VigyanPrakash.in)

विषय क्रम

- सलाहकार एवं सम्पादक मण्डल /**Advisory & Editorial Board** — Inner Cvr
- सम्पादकीय : श्रुति क्रान्ति की ओर / **Towards Shruti Revolution** *ओम विकास* — 2

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनः "सुदृढ़ खुशहाल समाज के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता", 8-9 जनवरी, 2022
International conference on "AI for Resilient Happy Society", 8-9 January 2022

- आयोजन का प्रोग्राम विवरण / **Programme Schedule** — 7
- शोध पत्र सूची / **List of Papers** — 9
- मुख्य अतिथि का उद्धाटन सम्बोधन : वर्तमान समय में सुदृढ़ समाज के सृजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व / **The Importance of Artificial Intelligence in the Creation of a Vibrant Society in the Present Times** *डॉ. विजय कुमार सारस्वत, सदस्य नीति आयोग* — 14

शोध आलेख / **Research Articles**

- मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग करके COVID-19 महामारी को समझना / Understanding **The Covid-19 Pandemic Using the Machine Learning Techniques** *मोना भटनागर, सुयश कुमार एवं चेतना जैन* — 18
- डीप लर्निंग तकनीक का उपयोग करते हुए भ्रूण वृद्धि प्रतिधारण की भविष्यवाणी : एक समीक्षा / **Prediction of Fetal Growth Retention using Deep Learning Techniques: A Review** *कौलेश्वर प्रसाद, एम.वी. पद्मावती एवं पवन कुमार पटनायक* — 29
- पानी में भारी धातुओं की विषाक्तता कम करने में पादपकीलेटर्स की क्षमता का आकलन / **Assessing the Potential of Phytochelators in Reducing Heavy Metal Water Poisoning** *डॉ. नीना कुमार धीमान और डॉ. रश्मि सैनी* — 40
- उच्च दक्षता सौर सेल के लिए चतुष्क अमोनियम धनायन युक्त स्थायी लेड हैलाइड पेरोवस्काइट / **Stable Lead Halide Perovskite with Quaternary Ammonium Cations for High Efficiency Solar Cell** *नमन शुक्ला, बी.गोपाल कृष्णा एवं संजय तिवारी* — 47
- सीमित लंबाई के सोशल मीडिया के लिए स्वचालित स्पैमर डिटेक्शन / **Automated Spammer Detection for Limited Length Social Media** डॉ शिल्पा मेहता — 56

रेडियो संचार पर विशेष

- रेडियो स्पेक्ट्रम – आवश्यकताएँ और प्रबंधन / **Radio Spectrum- Requirements and its Management** *डॉ. अशोक चन्द्र* — 66

भारत ज्ञान परंपरा / **Indian Knowledge Tradition**

- सोपान संगीत – केरल के मंदिरों में प्रचलित संगीत की विशिष्ट गायन शैली / **Sopan Sangeet: A Unique Temple Tradition of Kerala** प्रो. दीप्ति ओमचेरी भल्ला — 75

प्रतिक्रियाएं / **Feedback** — 80

समीक्षक सूची / **List of Reviewers** — Back Inner Cvr

पून्तानं नम्बूतिरी की रचना "ज्ञानप्पाना" से सूक्तियाँ (मलयालम में) — Back Cvr

श्रुति क्रान्ति की ओर
Towards *Shruti* Revolution

Abstract :

Industrialisation began in 18th century in some western countries that led to mechanization of production processes, and development of innovative technologies for economic growth. This improved the standard of living. This accompanies with shift of enterprises in villages to factories in cities – a societal restructuring. Computer and communication technologies combined with content gave rise to exponential growth of Information Technology (IT) that led to the Information Revolution. Businesses transformed from local to global. 21st century witness rapid emergence of newer innovative technologies to solve problems in agriculture, health, education, trade, defence, services, etc. There is also a trend of increasing divide in wealth, linguistic and cultural identities. Information highways are globally flooded with a wide variety of pollutants raising concerns to issues relating to inequality, privacy, community and cultural identities. Innovative applications of AI may be encouraged prudently in various sectors of economy.

In order to safeguard our languages and cultural identities, we need to connect up with scientifically classified speech sound and the correspondingly derived phonetic script with 1-to-1 correspondence, and the grammar for Sanskrit language that is the mother of Indian Languages. What you speak what you hear and what you write – a shruti tradition. In early 1980s Government of India brought out phonetic based encoding scheme ISCII, and phonetic keyboard layout INSCRIPT. But later on non-phonetic glyph-based Unicode was adopted. Advantages of phonetic approach are not there. It is proposed to take up R&D initiative in developing computing tools based on phonetic enhanced Devanagari script encoding scheme, and developing Universal Phonetic Encoding Scheme, Universal Phonetic Alphabet, Concept based Networking Language, and other NLP development tools. We may term this phonetic based initiative as *Shruti* Revolution. Of course India will remain globally competitive in emerging technologies, and also develop requisite technologies to preserve and enrich our languages, cultural values, traditional knowledge, and open up new research avenues with focus on inclusive innovation.

औद्योगिक क्रान्ति

परिवर्तन सामान्य प्रक्रिया है – प्रकृति में, समाज में, तकनीकी में और लगभग सभी क्षेत्रों में। परिवर्तन में हेरफेर अधिक हो, पुरानी व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था जगह ले तो इसे क्रान्ति (Revolution) की संज्ञा देते हैं। आधुनिक विज्ञान और टेक्नोलॉजी के उत्तरोत्तर विकास से उद्योगों में मशीनीकरण तेजी से बढ़ा। पुरानी टेक्नोलॉजी की जगह नई टेक्नोलॉजी (disruptive technology) अपनाने के आधार बिंदु थे – लागत और समय में कमी, बेहतर प्रचालन प्रक्रियाएं और अधिक उपयोगी, प्रयोग–सुगम, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की संभावनाएं। मानव–शक्ति की सीमाओं को वाष्प (Steam), विद्युत (electric) ऊर्जा के प्रयोग से बहुत

अधिक पार किया। औद्योगिक क्रान्ति से सामाजिक और आर्थिक सुधार हुए, लोगों का जीवन स्तर बेहतर हुआ।

आरंभ में आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक प्रगति के आधार स्तम्भ थे – कृषि और कुटीर उद्योग।

पाश्चात्य देशों में औद्योगिक क्रान्ति का प्रारम्भ 18वीं शताब्दी के आरंभ से हुआ। पहली औद्योगिक क्रान्ति (18वीं सदी) में प्राकृतिक संसाधनों जैसे कोयला, जल, वाष्प से मशीनों को चलाकर अधिक उत्पादन किया जाने लगा। नई नई टेक्नॉलॉजी का आविष्कार हुआ। उद्योग गाँव से हटकर शहरों की फैक्टरियों में होने लगे। पलायन बढ़ा।

दूसरी औद्योगिक क्रान्ति (19वीं सदी) में बिजली से चलनेवाली मशीनों से तेजी से फैक्टरी में बड़ी संख्या में उत्पादन सम्भव हुआ। पेट्रोल–डीजल से चलनेवाले वाहन बनाए जाने से यातायात बढ़ा। देश भर में और दूसरे देशों को भी व्यापार आसान हुआ। प्राकृतिक संसाधनों का दोहन बढ़ने लगा।

तीसरी औद्योगिक क्रान्ति (20वीं सदी) में कंप्यूटर का विकास हुआ। कंप्यूटर के विकास से गणना की गति बढ़ी; मानव बुद्धि की अनुकृति (AI: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के प्रयास बढ़े। भाषा संसाधन पर भी कई सफल प्रयास हुए। कंप्यूटर और कम्यूनिकेशन के संयोग से संचार साधनों में तेजी से विकास हुआ। कंप्यूटर और कम्युनिकेशन के संयोग से *सूचना क्रान्ति* का सूत्रपात्र हुआ। वैश्वीकरण को बढ़ावा मिला। बहुसंख्य सामान्य जनशक्ति के लिए रोजगार के मायने बदलने लगे; विशिष्ट ज्ञान–कौशल की मांग बढ़ी। अमीर–गरीब और विकसित–अविकसित–विकासशील देशों के बीच आर्थिक एवं सामाजिक विषमता में बढ़ोतरी होने लगी।

चौथी औद्योगिक क्रान्ति में Cyber–Physical Systems जो साइबर स्पेस में भौतिक तन्त्र या कृत्रिम बुद्धि प्रणाली (AI) से कई वस्तुओं को कंप्यूटर–आधारित एल्गोरिदम द्वारा नियंत्रित किया जाता है। यह मानव–मशीन दोनों की क्षमताओं का सहयोजन है। AI, Genome Editing, Renewable Energy, Nanotechnology, Biotechnology, Cognitive Science, आदि उभरती टेक्नॉलॉजी का प्रयोग विस्तार होगा। ये तकनीकियां हमारे जीवन में घुलमिल कर हमारी रुचिओं और आकांक्षाओं को भी प्रभावित करेंगी। कुछ सचेष्ट करनेवाले चिंतनीय संकेत हैं, जैसे आर्थिक और सामाजिक विषमता में वृद्धि, असुरक्षा, वैयक्तिक गोपनीयता उलंघन, वैश्वीकरण और लोकीकरण के बीच द्वंद, भाषा एवं संस्कृतियों में विकृतियां और लोप, इत्यादि। सूचना का बाज़ार बड़ा है। इसमें धन लाभ है, राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक विप्लव कर सकने की ताकत है। सूचना प्रदूषण से वैचारिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है, जो धार्मिक उन्माद, हिंसा, कामोत्तेजना, प्रमाद को उद्दीप्त करने में समर्थ है।

पथ अपना आप प्रशस्त करो

क्या भारतीय भाषाएं सूचना सुनामी के प्रचण्ड रौद्र रूप से विकृत होते होते लोप के कगार पर हैं ? क्या समाज को सोशल मीडिया के माध्यम से वैचारिक पंगुता की ओर ढकेला जा रहा है ? भाषा और संस्कृति के चक्रवृद्धि ह्रास को रोकने के संभव उपायों के बारे में विचार करने और कार्यनीति बनाने की आवश्यकता है।

उद्धरेदात्मनात्मानं नात्मानमवसादयेत्।
आत्मैव ह्यात्मनो बंधुरात्मैवरिपुरात्मनः
।। भगवद्गीता 6.5 ।।

अर्थात् – अपने द्वारा अपना उद्धार करे, अपना पतन न करे; क्योंकि आप ही अपना मित्र है, और आप ही अपना शत्रु है।

कुछ तकनीकी विकास पाश्चात्य तकनीकी विकास क्रम के अनुरूप में भी उच्च स्तर के हुए है। नई सोच और इन्नोवेशन में भी अग्रणी बन सकते हैं। भारत की भाषाएं और संस्कृतियां भी समृद्ध हैं।

प्रकृति प्रेम, परोपकार, पुरुषार्थ, विश्व बंधुत्व भारतीय संस्कृति की विशेषताएं हैं। भारत का अतीत ज्ञान विज्ञान से समृद्ध है। भारत में तकनीकी विकास अपनी भाषा, संस्कृति के अनुकूल करने का भी सामर्थ है।

भारतीय भाषाओं की जननी संस्कृत भाषा वैज्ञानिक है। मानव के विचार शब्द रूप में ध्वनित होते हैं। शब्द ध्वनि को लिपि के माध्यम से लिख–पढ़ सकते हैं। ध्वनि प्राकृतिक (natural) है। लिपि मानवकृतिक (artificial) है।

भाषा के माध्यम से पारस्परिक व्यवहार होता है। वक्ता और श्रोता के बीच "शब्द" संवाद की इकाई है। वैदिक काल में वेदों के सूत्रमय ज्ञान को जैसा सुना वैसा पीढ़ी दर पीढ़ी दिया गया। संस्कृत भाषा का ध्वन्यात्मक स्वरूप था। वेदों के निहित ज्ञान को समझने और व्यवहार में लाने की दृष्टि से छह वेदांगो की रचनाएं हुई – शिक्षा (शुद्ध उच्चारण प्रविधि), व्याकरण (शब्द अनुशासन एवं वाक्य संरचना), निरुक्त (अर्थ निर्वचन), छंद (गायन प्रकार एवं मानक), ज्योतिष (काल गणना), कल्प (यज्ञादि कर्म विधि)।

वाक् शक्ति विश्व व्यवहार का प्रमुख आधार है। वाणी के चार पाद बताए गए हैं : परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी । पहले तीन अंतःकरण में अव्यक्त हैं। परा में प्राण वायु से उत्प्रेरण; पश्यन्ती में बुद्धि के संयोग से मनःपटल पर चित्रण और अर्थ निरूपण; मध्यमा में शरीर की ऊर्जा से प्रेरित कण्ठ तक पहुँच लेकिन सुनाई न देने वाली ध्वनि। चौथे पाद में पाँच स्पर्श स्थानों की सहायता से सर्व स्वर, व्यंजन, युग्माक्षर के रूप में व्यक्त वाणी को वैखरी कहा गया। शब्द उच्चरित होने से पहले वक्ता के मस्तिष्क में उसके संदर्भ में गुण आदि विविध विचार बिना किसी क्रम में आते हैं। इस प्रक्रिया को भतृहरि ने "स्फोट" कहा। शब्द यात्रा के 3 चरण हैं:–

1. वक्ता द्वारा अवधारणा (Conceptualisation)
2. बोलने की प्रक्रिया (Speaking)
3. श्रोता द्वारा अवबोधन (Understanding)

वक्ता और श्रोता की वैचारिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर निर्भर करता है शब्द का प्रयोग और शब्दार्थ।

ध्वनि प्राकृतिक है, और लिपि मानवकृतिक है। ध्वन्यात्मक लिपि के विज्ञानपरक सिद्धांतों को भारतीय मनीषियों ने हजारों वर्ष पहले प्रतिपादित किया। महर्षि पाणिनि (लगभग 500 ई. पू.) ने संस्कृत भाषा की संरचना को नियमबद्ध किया। अष्टाध्यायी में 4000 सूत्र दिए। धातु पाठ में 10 गणों में 2000 धातुएं हैं। लिंगानुशासन में लिंग निर्धारण के नियम दिए।

ध्वनि आधारित 14 माहेश्वर सूत्रों (प्रथम चार में स्वर और शेष 10 में व्यंजन) को आधार बनाकर वर्णमाला निर्धारित की। संस्कृत भारतीय भाषाओं की जननी है। ब्राह्मी लिपि से निकली सभी लिपियों की वर्णमाला में क्रम समान है।

पाणिनी ने स्वर तंत्री (Vocal Cord) से निःसृत लघुतम ध्वनि इकाई को वर्ण की संज्ञा दी। उच्चारण के स्थान (कंठ, तालु, मूर्ध, दंत, ओष्ठ) और उच्चारण तरीके (वायु कम–अधिक निकलने के आधार पर अल्पप्राण और महाप्राण) तथा स्वर तंत्री झंकृत होने और न होने पर सघोष और अघोष के अनुसार वर्गीकृत किया।

वर्ण समूह से "शब्द" बनता है। वाक्य में प्रयुक्त सार्थक शब्द को "पद" कहते हैं। एक या अधिक वर्णो को एक स्वर से समाविष्ट कर बने वर्ण यौगिक और स्वर को "अक्षर" (syllable) कहते हैं। इसकी स्वतंत्र उच्चारण सत्ता है।

क्, च्, न्, अ, इ, ... आदि "वर्ण" है। वर्ण यौगिक हैं क (क्+अ), चे (च्+ए), त्स्य (त्+स्+य्+अ), वृ (व्+ऋ), त्ति (त्+त्+इ), वाक् (व्+आ+क्) .... आदि। अक्षर अर्थात् स्वर और वर्ण यौगिक की स्वतंत्र उच्चारण सत्ता है।

वर्ण–> अक्षर–> शब्द (सार्थक)–> पद–> वाक्य

वाक्य में क्रियापद, नाम पद, क्रिया विशेषण पद, नाम विशेषण पद हो सकते हैं । पद में प्रत्यय जुडने से सम्बंध बोध होता है।

महर्षि पाणिनी, कात्यायन, पतंजलि आदि मनीषियों ने संस्कृत को पूर्ण, तर्क सम्मत और संस्कारित भाषा बनाया। कुछ आधुनिक वैज्ञानिकों ने संस्कृत को कम्प्यूटर और कृत्रिम बद्धि के लिए उपयुक्त माना है।

संस्कृत भाषा की प्रमुख विशेषताएं हैंः–

1. ध्वन्यात्मक वर्णमाला और सुस्पष्ट व्याकरण
2. स्वर और व्यंजन अलग–अलग क्रम में
3. संकल्पना की मूल धातु से शब्द निर्माण
4. उपसर्ग प्रत्यय के प्रयोग से संकल्पना शब्द विस्तार
5. उत्तरोत्तर समृद्ध साहित्य (हजारों वर्ष से)
6. सूत्र भाषा (Meta Language) – किसी भाषा को परिभाषित करने के नियम सूत्र

कंप्यूटर प्रोग्रामिंग लैंग्वेज के संदर्भ में प्रचलित BNF नोटेशन को Panini-Backus Form कहना उचित होगा।

[Ingerman, P.Z (1967), "Panini-Backus Form Suggested", Comm ACM 10, 3, P137]

श्रव्य को दृश्य पटल पर रखनेवाली लिपि की वैज्ञानिकता पर विवेचन आवश्यक है। संस्कृत आधारित देवनागरी लिपि वैज्ञानिक है। रोमन लिपि गैर–ध्वन्यात्मक है।

आज के सभी कम्पूटर की आधार भाषा रोमन लिपि पर आधारित हैं। कंप्यूटर और कम्युनिकेशन टेक्नॉलॉजी के संयोग से सूचना क्रान्ति का सूत्रपात हुआ। भारत में भारतीय भाषाओं में कंप्यूटरीकरण को सुगम बनाने के लिए कई प्रोजेक्ट शुरू हुए, पूरे हुए और कई नए प्रोजेक्ट पर कार्य चल रहा है। भारतीय भाषाओं की मूल प्रकृति संस्कृत पर आधारित है, इसलिए परिवर्धित देवनागरी को प्रस्तावित किया। ध्वन्यात्मक कीबोर्ड का डिजाइन INSCRIPT मानक बनाया गया। ध्वन्यात्मक वर्णमाला क्रम में कोडित करके ISCII (Indian Script standard Code for Information Interchange) मानक बनाया गया। अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन करने के कारण गैर–ध्वन्यात्मक UNICODE का प्रचलन ही बढ़ा। और रोमन लिपि आधारित QWERTY कीबोर्ड का ही प्रयोग बढ़ा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टेक्नोलॉजी की मदद से मोबाइल स्मार्टफोन पर अपनी भाषा और लिपि में संदेश भेजना आसान बनता जा रहा है, लेकिन गैर–ध्वन्यात्मक रोमन लिपि पर ध्वन्यात्मक भारतीय भाषा आधार लिपि को आरोपित करने से भाषा संसाधन जटिल बनता है। परिवर्धित देवनागरी में करीब 40 व्यंजन और 15 स्वर, 15 मात्रा, 10 अन्य चिह्न एवं 10 संख्या प्रतीक हैं । इन्हें रोमन लिपि के 26 प्रतीकों पर बिना क्रम के आरोपित करना होता है। यूनिकोड लिपि आकृति आधारित (Glyph based) है, ध्वन्यात्मक नहीं है। भारतीय भाषाओं के बहुसंख्य (95% से अधिक) सामान्य प्रयोगकर्ता स्मार्टफोन पर वर्तनी दोष करते हैं। विशेष चिह्नों (Diacritical Marks) का प्रयोग मुश्किल होने से कार्य गति धीमी हो जाती है। कुछ वर्णों का धीरे–धीरे लोप हो रहा है। लिप्यन्तरण भी प्रायः दोष युक्त होता है। ध्वन्यात्मक कोड में परिवर्धित देवनागरी को आधार बनाते हुए, अन्य भाषा ध्वनियों को भी लिप्यंकित करने का प्रावधान दिया जा सकता है। प्रत्येक व्यंजन के दो, स्वरों के लिए , व्यंजन–स्वर एवं व्यंजन–स्वर–व्यंजन योगिक वर्णों के लिए, व्यंजन–व्यंजन–स्वर यौगिक वर्णों आदि के लिए कोड का प्रावधान 16–बिट ध्वन्यात्मक कोड में संभव है। PUnicode के मानकीकरण पर विचार आवश्यक है।

भाषा संसाधन के लिए पाणिनि के द्वारा दिए गए और व्यवहार में प्रचलित कारक सहित क्रिया–केन्द्रित वाक्य संरचना (Case Based Verb Centric Syntax)

का विश्लेषण क्रिया–केन्द्रित समग्रतापूर्ण है, सुगम है। पाश्चात्य भाषा विज्ञानियों के द्वारा प्रस्तावित विश्लेषण में वाक्य को संज्ञा पद (NP) और क्रियापद (VP) के रूप में तरु–शाखा में विभाजित किया जाता हैं। भारतीय भाषाओं के संसाधन में इसी पाश्चात्य पद्धति का अनुकरण हो रहा है।

सर्व भाषिक ज्ञान अंतरण के उद्देश्य से यूनिवर्सल नेटवर्किंग लैंग्वेज (UNL) के विकास में संकल्पनाओं के लिए अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग किया गया, लेकिन प्रचलन में नहीं आ सका। धातु आधारित संस्कृत शब्द से वस्तु अथवा घटना के संदर्भ का भी बोध होता हैं। जैसे नदी वह है जिसमें उद्‌गम के समय नाद है, धीरे–धीरे प्रवाहवान होने पर सरिता कहलाती है, खग का तात्पर्य खे (आकाश में) गमन करने वाला पक्षी है। कमल पंक में जन्मा तो पंकज, बहते पानी में नीरज, तालाब में जन्मा तो सरोज कहलाता है, इत्यादि कई उदाहरण हैं। इसलिए यूनिवर्सल नेटवर्किंग के लिए मध्यस्थ भाषा (Intermediate Language) का विकास संस्कृत संकल्पनाओं को आधार बनाकर किया जाना उचित होगा। इसे CNL (Concept based Networking Language) कह सकते हैं। संस्कृत के ध्वन्यात्मक वर्णों के आधार पर विश्व भाषाओं के लिए PUnicode (Universal Phonetic Alphabet) का डिज़ाइन महत्त्वपूर्ण होगा। Semantic Web (अर्थपरक वेब) डिज़ाइन भी सम्बंध और संदर्भ द्योतक संस्कृत शब्दों के आधार पर सार्थक होगा। इससे इंटरनेट पर अंतरभाषिक अर्थपरक ज्ञानांतरण संभव होगा।

इस प्रकार कतिपय शोध एवं विकास दिशाओं का उल्लेख हुआ। अब समय है –

"उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत।"

उद्‌घोष हो *श्रुति क्रान्ति* का, नई टेक्नोलॉजी (Disruptive Technology) के विकास का। जिसमें भाषा इनपुट ध्वन्यात्मक कोड (Phonetic Encoding Scheme) में हो, ध्वनित वाक्य और इसके लिप्यंकित स्वरूप में एकरूपता हो, जैसा सुना, वैसा बोला, वैसा लिखा। शब्द और दृश्य पटल में एकरूपता हो। वाक्य विन्यास में क्रिया–केन्द्रित कारक विभक्ति संयुक्त सभी पदों का समग्र रूप से विश्लेषण हो। विश्वभाषाओं के लिए संस्कृत आधारित ध्वन्यात्मक संदर्भात्मक संकल्पना शब्दों के प्रयोग से मध्यस्थ भाषा (Intermediate Language) का विकास हो। इस सब को आसान बनाने के लिए संस्कृत आधारित प्रचालन प्रणाली (OS: ऑपरेटिंग सिस्टम) का भी विकास किया जाए।

मंत्र आदि में वर्ण, अक्षर के उदात्त, अनुदात्त, स्वरित उच्चारण, और गायन में रागादि का मस्तिष्क पर प्रभाव जैसे मानवोपयोगी अनुसंधान किए जाने की संभावना है।

आजकल कृत्रिम बुद्धि (Artificial Intelligence) के प्रयोग से शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्षा, सेवा क्षेत्रों आदि में बहुत सुधार किए जा रहे हैं। AI में भी ध्वन्यात्मक इनपुट महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकता है। विश्वव्यापार में वाक् अनुवाद की महत्ता बढ़ रही है। वाक् ध्वनि सत्यापन के लिए उपयोगी हो सकता है। स्पीच थेरेपी में भी इस विधा से अच्छे परिणाम आ सकते हैं।

प्रयोग–सुगम नई उपयुक्त टेक्नॉलॉजी के विकास और प्रयोग–संवर्धन से संस्कृत और भारतीय भाषाओं के अध्ययन–अध्यापन एवं शोध कार्य नवाचारमय बन सकेंगे। भारतीय भाषाओं के साहित्य भी उत्तरोत्तर समृद्ध होंगे।नवीन उभरती टेक्नॉलॉजी में विश्वस्तरीय प्रतिद्वंदी बने रहकर भारत अपनी भाषा, संस्कृति, और परंपरागत ज्ञान को प्रयोग एवं शोध सुलभ बनाने के लिए भी ध्वन्यात्मक मानक एवं टैक्नोलोजी का विकास कर सकता है। आत्मनिर्भर भारत – संकल्प से सिद्धि।

. . . ओम विकास
dr.omvikas@gmail.com

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन : "सुदृढ़ खुशहाल समाज के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता"
International conference on "AI for Resilient Happy Society"

8th – 9th January, 2022

Indian Institute of Information Technology (IIIT) Pune

IIIT पुणे ने विज्ञान प्रकाश और शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सहयोग से "सुदृढ़ खुशहाल समाज के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता" (AI for Resilient and Happy Society) विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 8–9 जनवरी 2022 को ऑनलाइन आयोजन में प्रस्तुति के लिए शोधकर्ताओं ने अपने रिसर्च पेपर हिन्दी में लिख भेजे। 28 पेपर को सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में प्रस्तुति के लिए स्वीकृत किए गए। इनकी सूची और आयोजन का प्रोग्राम विवरण इस प्रकार है –

8th January 2022 (Day-1)

Time	Event	Duration
2:00 PM to 2:02 PM	Welcoming the gathering and Saraswati Vandana	2 minutes
2:02 PM to 2:07 PM	Welcome Address by General Chairs (**Dr. Tanmoy Hazra** followed by a brief introduction about the conference by **Dr. Rahul Dixit**)	5 Minutes
2:07 PM to 2:12 PM	Address by **Prof. Om Vikas, Editor-In-Chief, Vigyan Prakash**	5 Minutes
2:12 PM to 2:13 PM	Introduction of the Chief Guest	1 Minute
2:13 PM to 2:28 PM	Address by the Chief Guest: **Dr. V. K Saraswat, Member, NITI Aayog, and Chancellor, Jawaharlal Nehru University**	10-15 Minutes
2:28 PM to 2:29 PM	Introduction of the **Director, IIIT Pune, Prof Anupam Shukla**	1 Minutes
2:29 PM to 2:34 PM	Address by Director, IIIT Pune	5 Minutes
2:34 PM to 2:35 PM	National Anthem	1 Minute
2:35 PM to 2:58 PM	**Buffer time-1**	23 Minutes
2:58 PM to 3:00 PM	Introduction of the Keynote Speaker	2 Minutes
3:00 PM to 3:45 PM	Keynote address by the keynote speaker- **Prof. Debasish Ghose, IISc Bangalore**	45 Minutes
3:45 PM to 4:15 PM	**Break-I**	30 Minutes
4:15 PM to 6:45 PM	Track-I Paper Presentations (AI in Industry and Agriculture)	2 Hours 30 Minutes
6:45 PM to 7:43 PM	**Break-II**	58 Minutes
4:15 PM to 6:45 PM	Track-II Paper Presentations (AI in Healthcare) [Parallel session with Track-I]	2 Hours 30 Minutes
6:45 PM to 7:43 PM	**Break-II***	58 Minutes
7:43 PM to 7:45 PM	Introduction of the Keynote Speaker	2 Minutes
7:45 PM to 8:30 PM	Keynote address by keynote speaker- **Dr. Abdallah Khreishah, New Jersey Institute of Technology, USA**	45 Minutes

8:30 PM to 8:43 PM	**Buffer time- 2**	13 Minutes

9th January 2022 (Day-2)

Time	Event	Duration
2:00 PM to 3:15 PM	Track-III Paper Presentations (AI in Education)	1 hour 15 Minutes
3:15 PM to 4:00 PM	**Break-I**	45 minutes
4:00 PM to 5:45 PM	Track-IV Paper Presentations (AI in Society)	1 Hour 45 Minutes
5:45 PM to 6:30 PM	**Break-II**	45 Minutes
6:30 PM to 6:32 PM	Introduction of the Keynote Speaker - **Dr. Sharad Tripathi, Fluidyn, Paris, France**	2 Minutes
6:32 PM to 7:17 PM	Keynote address by keynote speaker- **Dr. Sharad Tripathi, Fluidyn, Paris, France**	45 Minutes
7:17 PM to 7:30 PM	**Buffer time-1**	13 Minutes
7:30 PM to 7:32 PM	Introduction of the Keynote Speaker - **Prof. Shive Chaturvedi, The Ohio State University, USA**	2 Minutes
7:32 PM to 8:17 PM	Keynote address by keynote speaker- **Prof. Shive Chaturvedi, The Ohio State University, USA**	45 Minutes
8:17 PM to 8:30 PM	**Buffer time-2**	13 Minutes
8:30 PM to 8:32 PM	Introduction of the Keynote Speaker - **Prof. Sajal Das, Missouri University of Science and Technology, USA**	2 Minutes
8:32 PM to 9:17 PM	Keynote address by keynote speaker- **Prof. Sajal Das, Missouri University of Science and Technology, USA**	45 Minutes
9:17 PM to 9:30 PM	**Buffer time-3**	13 Minutes
9:30 PM to 9:33 PM	Closing Ceremony: Welcoming the gathering and Introduction of the Chief Guest	3 Minutes
9:33 PM to 9:48 PM	Closing Ceremony: Address by the Chief Guest – **Dr. Ajit Kumar Chaturvedi, Director, IIT Roorkee**	10-15 Minutes
9:48 PM to 9:53 PM	Closing Ceremony: Vote of thanks	6 Minutes

Following is the list of papers accepted for presentation after preliminary scrutiny:

S. No.	Paper Details
1	प्रोक्ति–विश्लेषण एवं मानव–मशीन अंतरापृष्ठ **Discourse Analysis and Man-Machine Interface** अरिमर्दन कुमार त्रिपाठी Centre for Endangered Languages, Visva-Bharati, Santiniketan arimardankt@gmail.com
2	इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर आधारित स्मार्ट ऊर्जा मीटर का एक अभिनव डिजाइन और विकास दृष्टिकोण **An Innovative Design and Development Approach of Smart Energy Meter based on Internet of Things (IoT)** आदित्य तिवारी[1], आशीष यादव[2], प्रवीण कुमार बडोदिया[3], विनीत बनोधा[4] [1,2,3,4] Department of Fire Technology & Safety Engineering, IPS Academy, Indore (M.P), India [1] adityatiwary0217@gmail.com, [2] aashishy271@gmail.com, [3] pravinbadodia.2011@gmail.com, [4] vbanodha@gmail.com
3	गहरे अधिगम की तकनीकों पर आधारित निरीक्षण प्रणाली **Proctoring System using Deep Learning Techniques** अनघा अजनाडकर[1], भुवन थिरवानी[2], कुणाल कानाडे[3], नवजीत कौर[4], भूपेंद्र सिंह[5] [1, 2, 3, 4 5]Indian Institute of Information Technology, Pune, Maharashtra, India [1] anaghaajnadkar@gmail.com , [2] bhuvanthirwani@gmail.com , [3] kunalkanade8@gmail.com , [4] navjit3010@gmail.com , [5] bhupendra@iiitp.ac.in
4	डीप न्यूरल नेटवर्क मॉडल का उपयोग करके प्रारंभिक चरण में पौधे की पत्ती के फंगल और जीवाणु रोगों का पता लगाना **Detection of Fungal and Bacterial Leaf Diseases at Early Stage using Deep Neural Network Models** योगेश कुमार राठौर[1], रेख राम जंघेल[2] [1] Department of Information and Technology, National Institute of Technology, Raipur, and Assistant professor in department of computer science and engineering, Shri Shankaracharya institute of professional management and technology,(Chhattisgarh), INDIA, [2] Assistant Professor, department of Information and Technology, National Institute of Technology, Raipur (Chhattisgarh), INDIA, [1]*y.rathore@ssipmt.com, [2] rrjanghel.it@nitrr.ac.in
5	बहुकारक प्रमाणित कुंजी विनिमय प्रोटोकाफल के लिए एक सामान्य ढांचे को डिजाइन और विकसित करने के लिए **To design and develop a generic framework for multifactor authenticated key exchange protocol** विवेक कुमार सिन्हा[1], डॉ. दिव्या[2], डॉ. सरोज पाण्डेय[3] [1,2,] Lovely Professional University, Phagwara,India [3]GLA University, Mathura, India [1] sinha.vivekkumar7@gmail.com, [2] divyaanand.y@gmail.com, [3] saroj.pandey@gla.ac.in

6	सपोर्ट वेक्टर मशीन क्लासिफायर का उपयोग करके ईसीजी सिग्नल से एरिथिमिया की प्रारंभिक भविष्यवाणी **Early Prediction of Arrhythmias from ECG signal using Support Vector Machine Classifier** मनोज कुमार ओझा[1], डॉ एस वाधवानी[2], डॉ ए के वाधवानी[3], डॉ अनुपम शुक्ला[4] [1,2,3]MITS Gwalior, India [4]IIIT Pune, India [1] manojojha15@gmail.com, [2] dr.s.wadhwani@gmail.com, [3] wadhwani_arun@rediffmail.com, [4] wadhwani_arun@rediffmail.com
7	संचार चैनल की सेवा की गुणवत्ता तक पहुँचने के लिए एम–एरी मॉड्यूलेशन आधारित मेडिकल इमेज वॉटरमार्किंग **M-ary Modulation based Medical Image Watermarking for accessing Quality of Service of Communication Channel** उल्लास कुमार अग्रवाल[1], डॉ. पंकज कुमार मिश्रा[2] [1,2]Chhattisgarh Swami Vivekanand Technical University Bhilai,(C.G) [1] ullasagrawal01@yahoo.com, [2] pmishra1974@yahoo.co.in
8	IoT में AI की भूमिका **Role of AI in IoT** अदिति द्विवेदी[1], डॉ० नागेंद्र कुशवाहा[2], [1,2] IIIT Pune, India [1] aditidwivedi19@ece.iiitp.ac.in , [2] nagendra@iiitp.ac.in
9	अभिकलनात्मक इष्ट्तमीकरण द्वारा उच्च दक्षता युक्त $MASnI^3$ पेरोवस्काइट सौर सेल हेतु इलेक्ट्रॉन एवं होल ट्रांसपोर्ट लेयर द्रव्य का चयन **Electron and hole transport layer material selection for high efficiency $MASnI^3$ perovskite solar cells via computational optimization** धरम लाल[1], नमन शुक्ला[2], संजय तिवारी[3] [1] National Institute of Technology, Goa [2] Photonics Research Laboratory, S.O.S. in Electronics and Photonics, Pt. Ravishankar Shukla University Raipur, Chhattisgarh [2] naman.shukla43@gmail.com
10	कोविड–१९ महामारी के व्यापक मूल्यांकन के लिए आदर्श समाधान **Novel Solution for Comprehensive Assessment of COVID-19** देव सौरव पांडा[1], डॉ. राहुल दीक्षित[2],, प्रो. अनुपम शुक्ला[3] [1,2,3]Indian Institute of Information Technology Pune, Maharashtra [1] pandadevsourav@gmail.com, [2] rahul2012ism@gmail.com, [3] dranupamshukla@gmail.com
11	डीप लर्निंग मॉडल का उपयोग करके एमआरआई से ब्रेन ट्यूमर का वर्गीकरण **Classification of Brain Tumors from MRI using Deep Learning Models** राम निवास गिरि[1], डॉ. आर. आर. जंघेल[2] [1,2] National Institute of Technology, Raipur [1] ramnivasgiri7@gmail.com , [2] rrjanghel.it@nitrr.ac.in

12	**फेफड़ों के कैंसर का पता लगाने के लिए एक कुशल और उपयोगी हाइब्रिड दृष्टिकोण** **An Efficient and Useful Hybrid Approach for Detection of Lung Cancer** दीपक राव खड़तकर[1], 'डॉ. जेपी पात्रा[2] [1] Department of Computer Science and Engineering, Shri Shankaracharya Institute of Professional Management and Technology, Raipur (CG) *[2] Department of Computer Science and Engineering, Shri Shankaracharya Institute of Professional Management and Technology, Raipur (CG) [1] d.khadatkar@ssipmt.com, *[2] jp.patra@ssipmt.com
13	**आयुर्वेदीय चिकित्सा और अनुसंधान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए–आई) प्रणाली का अवलोकन** लक्ष्मी पानट सह निदेशक, एप्लाइड ए–आई ग्रुप, कार्यस्थल–प्रगत संगणन विकास केंद्र, पुणे, महाराष्ट्र, भारत lakshmip@cdac.in
14	**स्मार्ट होम मॉनिटरिंग और कंट्रोलिंग के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर आधारित एक अभिनव डिजाइन और विकास दृष्टिकोण** **An Innovative Design and Development Approach based on Internet of Things (IoT) for Smart Home Monitoring and Controlling** आदित्य तिवारी[1], आर. एस. मंडलोई [2] [1] Department of Fire Technology & Safety Engineering, IPS Academy, Indore (M.P), India [2] Department of Electrical Engineering, Shri G.S. Institute of Technology & Science, Indore (M.P), India [1] raditya2002@gmail.com, [2] ravindrasmandloi@yahoo.com
15	**कुल हार्मोनिक विरूपण को कम करने के लिए 31–स्तरीय कैस्केड इनवर्टर टोपोलॉजी** **31-Level Cascaded Inverter Topology for Reducing Total Harmonic Distortion** हेमकिरण वर्मा[1], अल्बर्ट जॉन वर्गीस[2], सत्यधर्म भारती[3], रेजो रॉय[4] [1]Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [2,3,4] Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] hemkiran1996@gmail.com, [2] albert.varghese@rungta.ac.in, [3] s.bharti@rungta.ac.in , [4] rejo.roy@rungta.ac.in
16	**पीवी सिस्टम में प्रयुक्त अधिकतम पावर प्वाइंट ट्रैकिंग तकनीकों का अध्ययन और समीक्षा** **Study and Review of Maximum Power Point Tracking Techniques used in PV System** विनीत कुमार, अल्बर्ट जॉन वर्गीस, सत्यधर्म भारती, रेजो रॉय Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] vinitgavel555@gmail.com, [2] albert.varghese@rungta.ac.in, [3] s.bharati@rungta.ac.in, [4] rejo.roy@rungta.ac.in
17	**अनुकूलित एएनएन का उपयोग करके सौर ऊर्जा भविष्यवाणी के लिए एक हाइब्रिड दृष्टिकोणः एक समीक्षा** **A Hybrid Approach for Solar Power Prediction using optimized ANN: A Review** प्राजेश जैन[1], रिजो राय [2], अल्बर्ट जॉन वर्गीस[3] [1]Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [2,3] Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] prajeshjain10@gmail.com, [2] rejo.roy@rungta.ac.in, [3] albert.varghese@rungta.ac.in

18	**नौ–स्तरीयस्विच–कैपेसिटर आधारित बहुस्तरीय इन्वर्टर कम डिवाइस के साथ** **Nine-level Switched-Capacitors based Multilevel Inverter with Reduced Device** पूर्णेश पटेल[1], रेजो रॉय[2], अल्बर्ट जॉन वर्गीस[3], सत्यधर्म भारती[4] [1]Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [2,3,4] Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] purneshpatel07@gmail.com, [2] rejo.roy@rungta.ac.in, [3] albert.varghese@rungta.ac.in, [4] s.bharti@rungta.ac.in
19	**स्वास्थ्य सेवा में कम्प्यूटेशनल इंटेलिजेंस** **Computational Intelligence in Healthcare Service** लोकेश कुमार साहू[1], कविता ठाकुर[2] [1,2] SoS in Electronics and Photonics, Pt. Ravishankar Shukla University Raipur (C.G.) [1] sahulucky14@gmail.com, [2] kavithakur67@gmail.com
20	**स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंटरनेट ऑफ थिंग्स** **Internet of Things in the Field of Healthcare** वैशाली सोनी[1], प्रफुल्ल व्यास [2] [1]Pt. Ravishankar Shukla University Raipur Chhattisgarh, [2]Disha College Raipur Chhattisgarh [1]vaishalisoni2310@gmail.com, [2]prafullavyas@gmail.com
21	MASnI आधारित डाई सेंसिटाइज्ड सौलर सेलः निर्माण, गुणधर्म एवं IoTs के क्षेत्र में संभावनाएं **TiO^2 based Dye Sensitized Solar Cell: Fabrication, Characterization and Potential towards IoTs** अनुपम अग्रवाल[1], सत्यधर्म भारती[2] [1]Department of Electrical and Electronics Engineering, Bhilai Institute of Technology, Durg, India. [2]Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1]anupamagrawal123@gmail.com, [2] s.bharti@rungta.ac.in
22	**सामुदायिक विकास के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा युवा शक्ति की भूमिका का विश्लेषणात्मक अध्ययन** **Analytical study of the role of youth power through artificial intelligence for community development** सत्यधर्म भारती[1], कपिल कुमार नागवंशी[2] [1]Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [2]Amity University, Jaipur, India [1]s.bharti@rungta.ac.in, [2]dr.kapil@ieee.org
23	**शिक्षा के क्षेत्र में मशीन सीखने की तकनीकः एक सर्वेक्षण** **Machine Learning Techniques in Education: A Survey** प्रेरणा रावत[1], तन्मय हाजरा[2], भूपेंद्र सिंह[3] Department of CSE, IIIT Pune, India [1]omprerna28@gmail.com , [2]tanmoyhazra316@gmail.com, [3]bhupi.pal08@gmail.com

24	**कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के साथ फोटोवोल्टिक ग्रिड इंटीग्रेशन का उन्नयन** **Advancements of Photovoltaic Grid Integration System with AI Technology** सौरभ कुमार[1], अनुपम अग्रवाल[2], सत्यधर्म भारती[3] [1,2,3] Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] sourabhajgaley@gmail.com, [2] anupamagrawal123@gmail.com, [3] s.bharti@rungta.ac.in
25	**स्मार्ट होम मॉनिटरिंग और कंट्रोलिंग के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर आधारित एक अभिनव डिजाइन और विकास दृष्टिकोण** **An Innovative Design and Development Approach based on Internet of Things (IoT) for Smart Home Monitoring and Controlling** आदित्य तिवारी[1], आर. एस. मंडलोई[2] [1]Department of Fire Technology & Safety Engineering, IPS Academy, Indore (M.P), India [2]Department of Electrical Engineering, Shri G.S. Institute of Technology & Science, Indore (M.P), India [1] raditya2002@gmail.com, [2] ravindrasmandloi@yahoo.com
26	**हाई वोल्टेज के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक के नए आयाम** **New Dimensions of Artificial Intelligence Technology in the field of High Voltage** सत्यधर्म भारती [1], आकाश श्रीवास्तव[2], मनोराज दाहरे[3], हिमांशु लाल [4], आदित्य सिंह उज्जवल[5] [1,2,3,4,5] Deptt. of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] s.bharti@rungta.ac.in , [2] aakashshri99@gmail.com , [3] manorajdahare123@gmail.com, [4]himanshulal.11@gmail.com , [5]adityasinghujjwal007@gmail.com
27	**उच्च प्रदर्शन पेरोवस्काइट सौर सेल हेतु मशीन लर्निंग दृष्टिकोण** **Machine learning outlook for high performance perovskite solar cells** नमन शुक्ला१, संजय तिवारी२ [1,2,]Pt. Ravishankar Shukla University Raipur, Chhattisgarh [1] naman.shukla43@gmail.com, [2] drsanjaytiwari@gmail.com
28	**एमडीएलपी और मल्टीनेकई मेट्राईसेस पर आधारित नई डिजिटल हस्ताक्षर योजना** **New Digital Signature Scheme based on MDLP and Multinacci Matrices** मंजू सांघी[1], एस. सी. गुप्ता[2], सत्यधर्म भारती[3] [1]Department of Mathematics, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [2]Department of Mathematics, Central Institute of Plastics Engineering & Technology, Raipur, India. [3]Department of Electrical Engineering, Rungta College of Engineering & Technology Bhilai, India. [1] manjusanghi13@gmail.com , [2] crexam2018@gmail.com, [3] s.bharti@rungta.ac.in

वर्तमान समय में सुदृढ़ समाज के सृजन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का महत्व

The Importance of Artificial Intelligence in the Creation of a Vibrant Society in the Present Times

डॉ. विजय कुमार सरस्वत
Dr. Vijay Kumar Saraswat
Member, NITI Aayog, Govt. of India, & Chancellor, Jawaharlal Nehru University
vk.saraswat@gov.in

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस - AI

मशीनें हमारे काम को सरल और आसान बनाती हैं, लेकिन अगर मशीनों में इंसान जैसी समस्याओं को सुलझाने और परिणाम देने की क्षमता आ जाती है तो यह "कृत्रिम बुद्धिमत्ता" (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कहलाता है। यह कंप्यूटर विज्ञान की उन्नत शाखाओं में से एक है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक 'जॉन मैकार्थी' के अनुसार यह इंटेलिजेंट मशीनों, विशेष रूप से इंटेलिजेंट कंप्यूटर प्रोग्राम को बनाने का विज्ञान और अभियांत्रिकी है, अर्थात यह मशीनों द्वारा प्रदर्शित किया गया इंटेलिजेंस है। वर्तमान में हम AI के साथ तमाम तरह के उपकरणों से घिरे हुए हैं, उदाहरण के लिए, एयर कंडीशनर, कंप्यूटर, मोबाइल, बायोसेंसर, वीडियो गेम, आदि। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के इस युग में AI या मशीन इंटेलिजेंस आजकल हमारे जीवन के लगभग हर पहलू को प्रभावित कर रहा है ताकि दक्षता में सुधार और हमारी मानव क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिल सके।

AI -2.0

AI 2.0 अनुसंधान का एक नया चरण है जो पिछले 60 वर्षों के AI अनुसंधान से भिन्न है। AI 2.0 मानवों के बौद्धिक क्रियाकलाप को परिष्कृत करने के लिए प्राकृतिक बुद्धिमत्ता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को एकीकृत करेगा, और मानव जीवन (क्रॉस–मीडिया और स्वायत्त प्रणाली) में मानव शरीर (हाइब्रिड संवर्धित intelligence) का एक हिस्सा बनने तक जानकारी एकीकृत करेगा।

इसके अतिरिक्त, यह दैनिक जीवन, उत्पादन, संसाधन उपयोग और पर्यावरण सहित सामाजिक समस्याओं के संबंध में सुझाव देने के लिए मानव ज्ञान को पढ़ने, प्रबंधित करने और पुनर्संयोजन करने में सक्षम होगा। भविष्य में, AI 2.0 की सहायता से मानव, शहरी विकास, पारिस्थितिक संरक्षण, आर्थिक प्रबंधन और वित्तीय जोखिम सहित जटिल मैक्रोस्कोपिक प्रणालियों के साथ अंतःक्रिया के लिए बेहतर अंतर्दृष्टि और प्रभावी प्रबंधन प्राप्त करने में सक्षम होंगे। AI 2.0 चिकित्सा उपचार, उत्पाद डिजाइन, ऊर्जा संरक्षण और सुरक्षित ड्राइविंग जैसी समस्याओं का समाधान करने में भी सक्षम होगा।

AI -3.0

AI 3.0 ऐसी AI होगी, जो लाइफ 3.0 की भांति, अपने "हार्डवेयर" और अपने "सॉफ्टवेयर" दोनों को परिवर्तित सकती है। जैसा कि आपने देखा होगा, यहां "सॉफ्टवेयर" का अर्थ कौशल और ज्ञान है, जैसा कि यह सजीवों में होता है, न कि AI का वास्तविक स्रोत कोड। वास्तव में, इस संदर्भ में, स्रोत कोड "हार्डवेयर", AI की "बॉडी'', का भाग होगा। अपने स्वयं के उद्देश्यों के लिए अपने स्वयं के स्रोत कोड के पुनःलेखन में

सक्षम AI, दीर्घावधि के लिए, अपने स्वयं के भविष्य का संचालक होगा। निस्संदेह, वास्तविक कंप्यूटर में परिवर्तन करने में सक्षम होने के कारण AI कार्यशील है (उदाहरण के लिए, खुद को अधिक कंप्यूटिंग क्षमता देने के लिए अतिरिक्त प्रोसेसर जोड़ना) जिससे AI को और भी अधिक स्वतंत्रता मिलेगी, और मैं कहूंगा कि इन दोनों में सक्षम AI ही AI 3.0 है।

AI 3.0, Intelligence में बड़ी विकास उत्पन्न कर सकता है।

विश्व में अभी तक AI 3.0 का पहला चरण शुरू नहीं हुआ है, किंतु जब ऐसा होगा, तो विश्व पहले जैसा नहीं रहेगा। AI 3.0, बुद्धिमत्ता में बड़ी मात्रा में वृद्धि उत्पन्न कर सकता है, जिसमें AI अपने स्रोत कोड का पुनःलेखन करता है और अंततः अधिक से अधिक सक्षम बनने के लिए अधिक से अधिक कंप्यूटिंग संसाधन प्राप्त करता है। AI 3.0 के परिण ामस्वरूप विश्व पर पड़ने वाला प्रभाव, अनुकूल या प्रतिकूल रूप से, आश्चर्यजनक होगा।

Resilient **कैसे बने ?**

सीधे तौर पर, तमेपसपमदज होने के लिए, AI और व्यवसायी दोनों को निम्नलखित कार्य करने होंगे :

1. परिस्थितियों के अनुकूल बनें और शीघ्र परिवर्तित हो जाएं।

   Resilience साहस के तुलनीय है। बदलती परिस्थितियों का सामना करते समय AI को Resilient होने के लिए कुछ साहस की आवश्यकता होती है।

2. व्यवस्थित परिस्थितियां जो पूर्ण समाधान स्थान और उपलब्ध व्यवहार्य परिदृश्यों का पता लगाना।

   AI संभावित परिदृश्यों और समाधानों की एक अंतहीन श्रृंखला प्रदान करती है। Resilient AI के लिए आपको ऐसी परिस्थितियाँ का सृजन करने की आवश्यकता है जो विभिन्न संभावनाएं और प्रत्येक के लिए आपकी प्रतिक्रियाएँ विकसित करे।

3. स्थानीय बाधाओं के प्रभावों को ध्यान में रखें, और समय से पहले स्थगन के शमन हेतु इन स्थितियों पर काबू पाएं (डाटा के लिए एक मॉडल को ओवरफिटिंग करते हुए)।

   Resilient AI आपके लघु और दीर्घकालिक उद्देश्यों को संतुलित करता है। आप स्थानीय बाधाओं और उनके परिणामों पर कैसे विचार रखते हैं? आप जो प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं उसमें डाटा को रखने वाला मॉडल आपको कैसे सीमित करता है? अपने अंतिम लक्ष्य तक पहुँचने के लिए आप उन परिस्थितियों को कैसे पार कर सकते हैं?

Resilience **की तीन मुख्य विशेषताएं**

अधिक Resilient AI की ओर अपनी प्रगति को मापने, बेंचमार्क और कार्यनीति तैयार करने के लिए, निम्नलिखित तीन प्रमुख विशेषताओं पर विचार करना चाहिए।

1. जोखिमों को समझना

   प्रचालन जोखिम प्रबंधन – या जोखिमों को समझना – में संभावित खतरों की संभावना और गंभीरता को मापना शामिल है। इसका लक्ष्य, यह उजागर करना है कि आपने जोखिमों की संभावना और गंभीरता को कितनी अच्छी तरह पहचाना है? आपने अस्वीकार्य जोखिमों को सक्रिय रूप से कैसे कम किया है?

2. प्रतिक्रिया योजना

   विफलता मोड और प्रभाव विश्लेषण (FEMA) विफलता के संभावित बिंदुओं की पहचान करने और गुणवत्ता की समस्याओं को उत्पन्न होने से पहले रोकने में मदद करता है। एक बार जब आप जोखिमों को समझ लेते हैं, तो आप प्रक्रिया, संभावित विफलता मोड, संभावित प्रभाव, गंभीरता, स्थिति रैंकिंग और परिचयन रैंकिंग की समीक्षा

करने के लिए एक प्रणाली कैसे विकसित करते हैं, फिर जोखिम प्राथमिकता संख्या (RPN) प्राप्त करते हैं? FEMA सॉफ्टवेयर और अभ्यास मैकेनिकल, सिविल और सिस्टम इंजीनियरिंग में बहुत प्रचलित हैं – AI के क्षेत्रों में FEMA को समझना और लागू करना हम पर है। दूसरे शब्दों में, अपरिहार्य दुर्घटना होने पर, आपकी प्रतिक्रिया क्या होगी?

3. प्रभाव अनुकूलन

पूर्वानुमान मूल्य वर्धन (FVA : Forecast Value Add) एक मापक है जिसका उपयोग पूर्वानुमान प्रक्रिया में गतिविधियों और प्रतिभागियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है ताकि यह देखा जा सके कि वे मूल्य वर्धन करते हैं या नहीं। मैं "प्रभाव सामंजस्य" नामक मापक बनाने के लिए FVA में प्रबलन ज्ञानार्जन को शामिल करना पसंद करता हूं, जो आपको परिवर्तनशील परिस्थितियों की निगरानी के लिए निरंतर फीडबैक को शामिल करने की अनुमति देता है। कौन से टचप्वाइंट या लोग आपके पूर्वानुमान में मूल्य वर्धन कर रहे हैं?

जोखिम और resilience की योजना बनाना कोई नई बात नहीं है – हम इसे AI के परिदृश्य में फिट करने के लिए केवल आधुनिकीकरण कर रहे हैं। अंत में, एक Resilient AI प्रणाली बनाने के लिए पूछे जाने वाले मुख्य प्रश्न हैं: क्या आप जोखिम को समझते हैं? क्या किसी के पास जोखिम के लिए कोई प्रतिक्रिया योजना है? प्रभावों, प्रत्याशित या अप्रत्याशित, के समायोजन के लिए कोई अपनी योजना को समय के साथ कैसे अनुकूलन कर रहा है?

Resilient Society के लिए AI का महत्व

- कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) को एक प्रमुख तकनीक माना जाता है।
- इसका हमारे समाज पर बहुत बड़ा प्रभाव है। बहुत–से सकारात्मक प्रभावों के अलावा, इसके कुछ नकारात्मक प्रभाव या खतरे भी हैं।
- समाज के लिए इनमें से कुछ खतरे सुज्ञात हैं, उदाहरण के लिए, शस्त्र या किलर रोबोट। किंतु ऐसे खतरे भी हैं जिन्हें नजरअंदाज कर दिया जाता है।
- ये सुज्ञात किंतु अबोधगम्य तथ्य या ब्लाइंड स्पॉट गोपनीयता को प्रभावित करते हैं, तथा हेरफेर और गलत पहचान की सुविधा प्रदान करते हैं।
- हम अब डेटा, ऑडियो, वीडियो और पहचान पर भरोसा नहीं कर सकते। डेमोक्रेसी, सुज्ञात और बोधगम्य रूप से ज्ञात खतरों से निपटने में सक्षम हैं।
- सुज्ञात किंतु अबोधगम्य तथ्यों को सुज्ञात और बोधगम्य तथ्यों में परिवर्तित करना प्रत्यास्थी समाजों की एक महत्वपूर्ण आधारशिला है।
- एक AI–अनुकूल समाज नई AI प्रौद्योगिकियों जैसे कि जनरेटिव एडवरसैरियल नेटवर्क (Generative Adversarial Networks) के कारण होने वाले खतरों को बदलने में सक्षम है। Resilience को इन खतरों के सकारात्मक अनुकूलन के रूप में देखा जा सकता है।
- हम इस अनुकूलन को प्राप्त करने के लिए तीन कार्यनीतियों का प्रस्ताव करते हैं : जागरूकता, समझौते और चेतावनी।

सिफारिशें/ सुझाव

1. सार्थक मानव नियंत्रण, पारदर्शिता, व्याख्यात्मकता, निष्पक्षता, न्याय, समावेशिता, स्थिरता और शिक्षा के संदर्भ में मानव–केंद्रित AI को परिभाषित करें। तकनीकी और दार्शनिक विचारों को संयोजित करें। एक मौलिक मानवाधिकार रूपरेखा को अपनाएं।
2. OECD AI सिद्धांतों का समर्थन करें।
3. AI प्रणालियों की व्याख्या मानव निर्णय–निर्माण

के समर्थन के रूप में करें, न कि प्रतिस्थापन के रूप में। मशीनों को नैतिक एजेंट के रूप में न स्वीकारें और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक व्यक्तित्व या पहचान न दें।

इस समीक्षा पत्र से प्रस्तावित किया जाता है कि FGR की भविष्यवाणी के लिए टेक्स्ट और इमेज फीचर्स का इस्तेमाल किया जा सकता है जिसमें कन्वॉल्यूशन न्यूरल नेटवर्क (CNN) का इस्तेमाल कर अल्ट्रासोनोग्राफी से इमेज फीचर्स उद्धरण किया जा सकता है। इसके पश्चात टेक्स्ट फीचर्स और इमेज फीचर्स को मिलाकर एक नया फीचर तैयार कर भ्रूण वृद्धि प्रतिशोध की भविष्यवाणी के लिए बहुत सारे मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म (Machine Learning Algorithm) जैसे डिसीजन ट्री (Decision Tree), लॉजिस्टिक रिग्रेशन (Logistic Regression), रेंडम फॉरेस्ट (Random Forest), सपोर्ट वेक्टर मशीन (Support Vector Machine) का इस्तेमाल किया जा सकता है।

7. प्रमुख शब्दों की तालिका :

Technical Terms (English)	तकनीकी शब्द (हिंदी)
Classification	वर्गीकरण
Convolution Neural Network	कन्वॉल्यूशन न्यूरल नेटवर्क
Data Acquisition	आंकड़ा अधिग्रहण
Fetal Growth Retardation	भ्रूण के विकास मंदता
Logistic Regression	लॉजिस्टिक रिग्रेशन
Machine Learning Algorithm	मशीन लर्निंग एल्गोरिथ्म
Random Forest	रेंडम फॉरेस्ट
Support Vector Machine	सपोर्ट वेक्टर मशीन

संदर्भः

[1] A. CIOBANU, C. F. (2019). Prediction of small-for-gestational-age neonates at 35– 37weeks' gestation: contribution of maternal factors and growth velocity between 20 and 36weeks. Ultrasound Obstet Gynecol, 488-495.

[2] Anca Ciobanu, M., Angeliki Rouvali, M., Argyro Syngelaki, P., Ranjit Akolekar, M., & Kypros H. Nicolaides, M. (2019). Prediction of small for gestational age neonates: screening by maternal factors, fetal biometry, and biomarkers at 35-37 weeks' gestation. American Journal of Obstetrics, 1-11.

[3] A Conde-Agudelo, A. P. (2013). Novel biomarkers for predicting intrauterine growth restriction: a systematic review and meta-analysis. International Journal of Obstetrics and Gynaecology, 681-694.

[4] Ashley I. Naimi, R. W. (2018). Machine Learning for Fetal Growth Prediction. Wolters Kluwer Health, Inc., 1-28.

[5] Bukweon Kim, K. C.-Y. (2018). Machine-learning-based automatic identification of fetal abdominal circumference from ultrasound images. IPEM, 1-22.

[6] George Karagiannis, R. A. (2010). Prediction of Small-for-Gestation Neonates from Biophysical and Biochemical Markers at 11–13 Weeks. Karger, 1-7.

[7] Hanieh Mohammadi, M. J. (2010). Ultrasound Estimation of Fetal Weight by Artificial Neural network Using crown coccyx lenght. International Conference on Measurement and Control Engineering (ICMCE), (pp. 518-522).

[8] Jianqiang Li, L. L.-J. (2015). Comparison of Different Machine Learning Approaches to Predict Small for Gestational Age Infants. IEEE TRANSACTIONS ON BIG DATA, 1-14.

[9] JING CHENG, J. L. (2020). Analysis of perinatal risk factors for small for gestational age and appropriate for gestational age late term infants. EXPERIMENTAL AND THERAPEUTIC MEDICINE, 1719-1724.

[10] Lena Heidi Bækgaard Thorsen, L. B. (2018). Prediction of birth weight small for gestational age with and without preeclampsia by angiogenic markers: An Odense Child Cohort study. The Journal of Maternal-Fetal & Neonatal Medicine.

[11] Leona C. Y. Poon, G. K. (2011). Reference range of birth weight with gestation and first-trimester prediction of small-for-gestation neonates. Prenat Diagn, 58–65.

[12] Lin Yue, D. T. (2019). Deep learning for heterogeneous medical data analysis. Springer, 1-23.

[13] MOLIN, P. G. (2005). Does antenatal identification of small-for-gestational age fetuses significantly improve their outcome? Ultrasound Obstet Gynecol, 258-264.

[14] Pamela K. Xaverius, J. S. (2014). Predictors of Size for Gestational Age in St. Louis City and County. Hindawi, 1-8.

[15] PAPASTEFANOU, D. W. (2020). Competing-risksmodel for prediction of small-for-gestational age neonate from maternal characteristics and medical history. Ultrasound Obstet Gynecol, 196-205.

[16] Russell Fung, J. V.-U. (2020). Achieving accurate estimates of fetal gestational age and personalised predictions of fetal growth based on data from an international prospective cohort study: a population based machine learning study. Lancet, 368-375.

[17] S. BAKALIS, M. S. (2015). Prediction of small-for-gestational-age neonates: screening by fetal biometry at 30–34 weeks. Ultrasound Obstet Gynecol, 551-558.

[18] Stefan Kuhle, B. M. (2018). Comparison of logistic regression with machine learning methods for the prediction of fetal growth abnormalities: a retrospective cohort study. BMC Pregnancy and Childbirth, 1-9.

[19] Utpala (''Shonu'') G. Das, a. G. (2004). Abnormal fetal growth: intrauterine growth retardation, small for gestational age,large for gestational age. Elsevier, 639-654.

[20] Vidhi Rawat, A. J. (2018). Automated Techniques for the Interpretation of Fetal Abnormalities: A Review. Hindawi Applied Bionics and Biomechanics, 1-12.

[21] Yu Lu, X. Z. (2019). Ensemble Machine Learning for Estimating Fetal Weight at Varying Gestational Age. The Thirty-First AAAI Conference on Innovative Applications of Artificial Intelligence (IAAI-19), (pp. 9522-927).

भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक ड० होमी जहांगीर भाभा
(30 अक्तूबर, 1909 – 24 जनवरी, 1966)

भारतीय परमाणु कार्यक्रमों को विश्व के उन्नत और सफल परमाणु कार्यक्रमों में शुमार करने और परमाणु शक्ति–संपन्न राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने का श्रेय जाता है भारतीय परमाणु कार्यक्रम के जनक डॉ होमी जहांगीर भाभा को। डॉ होमी जहांगीर भाभा यानी परमाणु भौतिकी विज्ञान का ऐसा चमकता सितारा, जिसका नाम सुनते ही हर भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। डॉ होमी जहांगीर भाभा ही वह शख्स थे, जिन्होंने भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम की कल्पना की, और भारत को परमाणु शक्ति सम्पन्न तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रसर होने का मार्ग प्रशस्त किया। मुट्ठी भर वैज्ञानिकों की सहायता से परमाणु क्षेत्र में अनुसंधान का कार्य शुरू करने वाले डॉ भाभा ने समय से पहले ही परमाणु ऊर्जा की क्षमता और अलग–अलग क्षेत्रों में उसके उपयोग की संभावनाओं की परिकल्पना कर ली थी। यही वजह है कि उन्हें "भारतीय परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का जनक" कहा जाता है।

होमी भाभा की प्रारंभिक शिक्षा मुंबई में हुई। साल 1927 में होमी भाभा आगे की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड चले गए और वहां उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की परीक्षा पास की। साल 1934 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से उन्होंने डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। भाभा ने जर्मनी में कॉस्मिक किरणों का अध्ययन किया और उन पर अनेक प्रयोग भी किए। वर्ष 1933 में भाभा ने अपना रिसर्च पेपर "द अब्जॉर्वेशन ऑफ कॉस्मिक रेडिएशन" शीर्षक से जमा किया। इसमें उन्होंने कॉस्मिक किरणों की अवशोषक और इलेक्ट्रॉन उत्पन्न करने की क्षमताओं को प्रदर्शित किया। इस शोध पत्र के लिए उन्हें साल 1934 में 'आइजैक न्यूटन स्टूडेंटशिप' भी मिली। डॉ भाभा अपनी शिक्षा पूरी करने के बाद साल 1939 में भारत लौट आए। भारत आने के बाद वह बेंगलुरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस से जुड़ गए, और साल 1940 में रीडर के पद पर नियुक्त हुए। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस में उन्होंने कॉस्मिक किरणों की खोज के लिए एक अलग विभाग की स्थापना की। कॉस्मिक किरणों पर उनकी खोज के चलते उन्हें विशेष ख्याति मिली, और उन्हें साल 1941 में रॉयल सोसाइटी का सदस्य चुन लिया गया।

(शेष पृष्ठ 55 पर .....)

पानी में भारी धातुओं की विषाक्तता कम करने में पादपकीलेटर्स की क्षमता का आकलन

Assessing the Potential of Phytochelators in Reducing Heavy Metal Water Poisoning

डॉ नीना कुमार धीमान[1] और डॉ रश्मि सैनी[2]

Dr. Neena Kumar Dhiman[1] and Dr Rashmi Saini[2]

[1,2] Assistant Professor, Department of Zoology, Gargi College, University of Delhi, Delhi

Corresponding Author : [2]rashmi.saini@gargi.du.ac.in, [1]neena.kumar@gargi.du.ac.in

सारांश :

बढ़ती जनसंख्या हेतु कृषि उपज की निरन्तर बढ़ रही मांगों को पूरा करने के लिए, औद्योगीकरण, शहरीकरण ने नतीजतन दुर्भाग्यवश प्रत्येक संसाधन में विषाक्त पदार्थ उत्पन्न तथा मुक्त किये हैं। विषाक्त एवं प्रदूषित जल के जैव–उपचारण के लिए जैव शोषण को अत्यधिक प्रभावी, कुशल, आर्थिक रूप से व्यवहारिक और पर्यावरण के अनुकूल पद्धति माना गया है। वर्तमान अध्ययन में धनिया (*Coriander sativum*), मेंथा (*Mentha piperita*) और गेहूं–घास (*Thinopyrum intermedium*) को इनकी उच्च धातु बाध्यकारी क्षमता के कारण इन से उपचारित पानी में क्रोमियम (Cr), मैंगनीज (Mn), कोबाल्ट (Co), निकल (Ni), तांबा (Cu), जस्ता (Zn), कैडमियम (Cd) और सीसा (Pb) की मात्रा का आंकलन करने के लिए आईसीपी–एमएस (मास स्पेक्ट्रोस्कोपी/MASS-SPECTROSCOPY) तकनीक के द्वारा प्रत्येक की दो भिन्न मात्राओं (0.1 ग्राम और 1.0 ग्राम) के साथ प्रयोग किया गया है। भारी धातुओं के प्रतिशत अवशोषण का अनुक्रमण धनिया द्वारा Mn>Co>Cr>Zn>Cd>Ni>Cu, मेंथा द्वारा Mn>Ni>Pb>Cu>Co>Cd>Zn और गेहूं–घास द्वारा Mn>Cr>Zn>Co>Cd>Ni पाया गया। वर्तमान अध्ययन से यह निष्कर्ष निकलता है कि पादपकीलेटर्स की कौन–सी प्रभावी मात्रा पादपउपचारीकरण तकनीक के रूप में लागू की जा सकती है।

Abstract:

To meet the ever increasing demands of agricultural produce for growing human population, consequent industrialization, urbanization have led to unfortunate generation and release of toxicants in every resource. For bioremediation of contaminated waters, biosorption is proved to be highly effective, efficient, economically viable and environmental friendly methodology. Owing to their high metal binding capacity, present studies were carried to investigate the Chromium (Cr), Manganese (Mn), Cobalt (Co), Nickle (Ni), Copper (Cu), Zinc (Zn), Cadmium (Cd) and Lead (Pb) contents in waters treated with two doses of each of coriander (*Coriander sativum)*, peppermint (*Mentha piperita*) and wheatgrass (*Thinopyrum intermedium*) by employing ICP&MS (Mass Spectroscopy). Percentage absorption of heavy metals by coriander followed the trend Mn>Co>Cr>Zn>Cd>Ni>Cu, for peppermint Mn>Ni>Pb>Cu>Co>Cr>Cd>Zn and for wheatgrass Mn>Cr>Zn>Co>Cd> Ni. The study also concluded an effective dose of phyto-chelators for implementing it as an integrated phytoremediation technology.

मुख्य शब्द : जैव मात्रा, जैव उपचार, जैव शोषण, भारी धातु, पादपउपचारीकरण, पादपकीलेटर।

Keywords: Biomass, Bioremediation, Biosorption, Heavy metals, Phytoremediation, Phytochelators.

1. प्रस्तावना :

खाद्य श्रृंखला के प्रत्येक पोषण स्तर पर भारी धातुओं का पानी में जैव संचय होता है जिससे जल संदूषित हो जाता है। पानी में बढती हुई भारी धातु की मात्रा, दुनिया भर के पर्यावरण के लिए एक आम खतरा बन चुकी है।यह भारी धातु संदूषण, खाद्य श्रृंखला के शीर्ष पर विद्यमान समूची मानव जाति के लिए स्वास्थ्य सम्बंधित हानि उत्पन्न करता है। यह प्रदूषण प्राकृतिक और मानवजनित स्रोतों से पैदा हो सकता है। मानवजनित स्रोतों से उत्पन्न प्रदूषण, अधिक महत्वपूर्ण है और चिंता का मुख्य विषय है। मानवजनित संदूषण कई कारणों से हो सकता है जैसे कि खनन, औद्योगिक गतिविधियाँ, यातायात, रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध और अपर्याप्त उपयोग और कीचड़ मल का संशोधन। वर्तमान जल–शुद्धिकरण क्षमतायें पर्याप्त नहीं हैं तथा केवल 60% औद्योगिक अपशिष्ट जल का उपचार किया जाता है जबकि 26% घरेलू अपशिष्ट जल का उपचार किया जाता है (1)। भारी धातु जैसे कैडमियम (Cd), तांबा (Cu), सीसा (Pb), पारा (Hg), निकल (Ni) और जस्ता (Zn) प्रमुख भारी धातु हैं जो प्रदूषक माने गए हैं और जो अन्य जीवन रूपों के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। आर्सेनिक (As), सीसा (Pb), कैडमियम (Cd) और पारा (Hg) जैसे तत्वों का अति सूक्ष्मस्तर में भी शरीर में प्रवेश करना असुरक्षित माना गया है। मानव शरीर में इन भारी धातुओं की आवश्यकता नहीं है,लेकिन पर्यावरण में इनकी बढ़ती हुई सांद्रता हमारी चिंता का प्रमुख विषय बन चुका है। इनके कैंसर कारक गुणों, जैव संचय एवं जैव अवक्रमण ना हो पाने के कारण इनका मानव स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता जा रहा है। शरीर में भारी धातुओं की अत्यधिक मात्रा से सेश्लैष्मिक जलन (mucosal irritation), व्यापक कोशिका क्षति (extensive cell damage), यकृत और गुर्दे के परिगलित परिवर्तन (necrotic changes), केंद्रीय तंत्रिका तंत्र की समस्यायें, अवसाद और पेट व आंत की जलन जैसी समस्यायें उत्पन्न हो सकतीं हैं।

अपने अत्यधिक विषैले गुणों के लिए जानी जाने वाली यह भारी धातुएं जलीय पारिस्थितिक तंत्र के लिए एक अदृश्य लेकिन गंभीर खतरा पैदा करती हैं। भारी धातुओं में अपनी अलग घुलनशीलता की क्षमता होती है, लेकिन यह पौधों द्वारा संचित की जा सकती है (2)। सब्जियों और फसलों में भारी धातुओं का संचय न केवल एक बड़े खतरे का कारण बन सकता है, बल्कि कुछ विशिष्ट पौधों की प्रजातियों का खेती में प्रयोग कर के मिटटी से भारी धातुओं को हटाने की संभावना भी दर्शाता है (3)। इस तकनीक को पादप उपचारीकरण (*phyto-remediation*) के नाम से जाना जाता है। पादप उपचारीकरण दूषित मिट्टी का विषहरण करने के लिए एक प्रभावी तकनीक है। प्रकृति में दूषित जल से विषाक्त धातुओं का अपमार्जन करने की अच्छी क्षमता है।

पर्यावरण में उनका विघटन, और संचय प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष मानव गतिविधियों का ही परिणाम है जिसमें बढ़ता हुआ औद्योगिकीकरण और शहरीकरण प्रमुख हैं (4)। Mn, Cu, Zn, Co, Mo और Fe की अत्यधिक मात्रा को विषाक्त माना जाता है व उनका जैव संचय, लम्बे समय तक चलने वाली बीमारियों और मौत का प्रमुख कारण भी बनता है (5)। अपशिष्ट जल को बिना उपचारण किये सिंचाई हेतु उपयोग नहीं करना चाहिए एवं खाद्य श्रृंखला में भारी धातुओं की नियमित निगरानी करनी चाहिए (6)। अपशिष्ट जल से भारी धातुओं को हटाने के तरीकों को विकसित करना, पर्यावरण वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण उद्धेश्य है (7)। महंगी शुद्धि निष्कर्षण प्रक्रियाओं के हानिकारक प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, एक वैकल्पिक पद्धति को अपनाया जाना चाहिए जिसमें कम लागत, रासायनिक और जैविक कीचड़ के न्यूनतम उत्पादन के साथ उच्च दक्षता हो। विभिन्न जैविक सामग्री की धातु बाध्यकारी क्षमताओं का उपयोग करके

जहरीले धातुओं को अपशिष्ट जल से निकालने की तकनीक को जैवशोषण (Biosorption) कहते है (8)। इसलिए जैवशोषण धातु के आयनों को दूषित मिश्रण से निकालने में बहुत प्रभावी साबित होता है। वास्तव में जैव शोषण को ही पादप उपचारीकरण (phyto remediation) का दूसरा रूप माना जाता है।

रोज़मर्रा की ज़िन्दगी में धनिया, मेंथा और गेहूं–घास नियमित रूप से हर रसोई में पाए जाते हैं। इन्हें दुनिया के कई हिस्सों में आसानी से उगाया जा सकता है और प्रभावी रूप से जैव शोषण सामग्री बनाने के लिए बड़ी मात्रा में उपलब्ध भी कराया जा सकता है। कार्बोक्जिलिक समूहों (carboxylic groups) और लिग्नोसेलुलोसिक (Ligno-cellulosic) आदि तत्वों से भरपूर होने की वजह से इन कृषि अपशिष्टों में धातुओं के अवशोषण की क्षमता होती है (9,10)। इन यौगिकों से भरपूर धनिया, मेंथा और गेहूं–घास को वर्तमान शोध कार्य मे इस्तेमाल किया गया। उनकी धातु संचय में दक्षता का आकलन दूषित पानी से विषाक्त भारी धातुओं को हटाने के लिए किया गया। धनिया, मेंथा और गेहूं–घास प्रत्येक की दो भिन्न मात्राओं 0.1 ग्राम और 1.0 ग्राम द्वारा उपचारित पानी में क्रोमियम (Cr), मैंगनीज (Mn), कोबाल्ट (Co), निकल (Ni), तांबा (Cu), जस्ता (Zn), कैडमियम (Cd) और सीसा (Pb) की मात्रा का आंकलन किया गया। ये सभी पादपकीलेटर (चीलवबीमसंजवते) आसानी से उपलब्ध हैं और कई लोगों को इन्हें उगाने का अनुभव होता है। विशेष बात यह है कि यह दैनिक आधार पर घरों मे इस्तेमाल भी किये जाते हैं।

2. सामग्री और क्रियाविधि :

पूरी प्रक्रिया को चार चरणों में विभाजित किया गया: (1) पौधों को उगाना (2) जैव मात्रा के पाउडर की तैयारी, (3) दूषित पानी के नमूनों के परीक्षण की तैयारी और (4) वास्तविक प्रयोग।

2.1 पौधों को उगानाः

गेहूं–घास के बीजों को छलनी में डाल कर साफ़ पानी से धोया गया। इस प्रक्रिया में कीटनाशक–मुक्त बीजों का प्रयोग किया गया था। बीजों को भिगोने के लिए साफ़ पानी उपयोग किया। भिगोने से अंकुरण की प्रक्रिया आसानी से हो जाती है। जैविक खाद की दो से तीन इंच मोती परत को ट्रे के अंदर बिछा कर, कुछ दूरी पर इन बीजों को बोया गया। बीजों का रोपण समान रूप से और हलके पानी के छिड़काव के साथ किया गया। बीजों के अंकुरण होने तक ट्रे को हलके सिक्त अखबारों की परत से ढक दिया गया था ताकि अंदर नमी रह सके। अंकुरण के बाद गेहूं –घास को 9 से 10 दिनों के समय पर काट लिया गया था। धनिया भी इसी तरह बीजों से उगाया गया था जबकि मेंथा को उगाने के लिए तने को काट कर इस्तेमाल किया गया। जड़ों के साथ अंकुरित पौधों को12–13 दिनों तक उगाने के बाद उनकी कटाई की गई।

2.2 जैव मात्रा का पाउडर बनानाः

धनिया, मेंथा और गेहूं घास को जैविक मिटटी में उगाने के बाद इसको धातु मुक्त पानी से सींचा गया। इन सब जैव मात्रा को बढ़ जाने पर काटा गया। कटाई के बाद इसे विआयनीकृत (deionized) जल से अच्छी प्रकार से धोया गया। फिर इसे 60 डिग्री सेल्सियस (^oC) पर 2 से 4 घंटे के लिए ओवन में सुखाया गया। सूखने पर प्राप्त इनके पाउडर को जैव शोषण सामग्री के रूप में उपयोग करने के लिए इन्हें अलग अलग संग्रहीत कर लिया गया था।

2.3 भारी धातु परिक्षण के लिए घोल की तैयारीः

विश्लेषणात्मक श्रेणी के निम्नलिखित रसायनों का उपयोग घोल बनाने में किया गया, $K_2Cr_2O_7$, $MnSO_4$, $CoSO_4.7H_2O$, $NiSO_4.7H_2O$, $CuSO_4.7H_2O$, $ZnSO_4.7H_2O$, $Zn(CH_3COO)_2.2H_2O$, $Cd(NO_3)_2.4H_2O$ और $Pb(C_2H_3O_2)_2$ ।

इन रसायनों को क्रमशः क्रोमियम (Cr), मैंगनीज (Mn), कोबाल्ट (Co), निकल (Ni), तांबा (Cu), जस्ता (Zn), कैडमियम (Cd) और सीसा (Pb) प्राप्त करने के लिए आसुत जल में घोला गया। इस प्रकार तैयार धातुयुक्त घोलों का उपयोग जैव मात्रा के द्वारा जैव शोषण की क्षमता को जानने के लिए विभिन्न प्रयोगों में किया गया (11)। घोल की सांद्रता का मूल्यांकन आईसीपी एमएस (ICP-MS) तकनीक द्वारा किया।

2.4 वास्तविक प्रयोगः

जैव मात्रा का भारी धातु के पानी के घोल के साथ ऊष्मायन 30 डिग्री सेल्सियस (°C) तापमान पर 6 घंटे के लिए किया गया। फिर इसे मध्यम आकार के फिल्टर पेपर (Whatman Paper 125 मिमी Ø) और अंत में 0.22 माइक्रोन सिरिंज फिल्टर (Syringe Filter) के माध्यम से छाना गया। आईसीपी–एमएस माप, स्वचालित क्वाड्रोपोल एगिलेंट 7900 आईसीपी–एमएस (automated quadrupole Agilent 7900 ICP-MS) के उपयोग द्वारा किया गया था। उपकरण का इनपुट वोल्टेज 200–240 वोल्ट, 30 एम्पियर और 50/60 हर्ट्ज पर रखा गया। ठन्डे पानी का प्रवाह 5 लीटर प्रति मिनट, तापमान 15–40 डिग्री सेल्सियस (°C) और दबाव 230–400 किलो पास्कल (KPa) बना कर रखा था। 10–12 मिलीलीटर प्रति मिनट सहायक गैस प्रवाह, 20 लीटर प्रति मिनट शीतलक गैस का प्रवाह और 0.2 मिलीलीटर प्रति मिनट का नेबुलाइजर प्रवाह बनाए रखा गया था। अंशांकन (Calibration) के लिए, 10, 50, 100, 250, 500, 1000, 1500 और 2000 पीपीबी (ppb) के मानक मिश्रण तैयार किए गए थे। सभी मिश्रणों की तैयारी के लिए विआयनीकृत (deionized) पानी का उपयोग किया गया था। सभी मिश्रणों की तैयारी के लिए उपयोग किए जाने वाले पदार्थ उच्च विश्लेषण ात्मक शुद्धता के थे। सभी नमूनों को अपकेंद्रित्र (centrifuge), निस्पंदन (filter) किया गया और आई सी पी शीशियों में स्थानांतरित किया गया। इसके उपरांत आई सी पी–एम एस तकनीक द्वारा इनको चलाया गया। समीकरण के लिए निम्नलिखित गणना का उपयोग किया गया थाः

$$100 - (Ce / Ck \times 100) = X$$

जहाँ, Ce की गणना माध्य प्रायोगिक धातु सांद्रता (mean experimental metal concentration) (जैव मात्रा उपचार के बाद ICP के माध्यम से निर्धारित) है, Ck जैव मात्रा जोड़ के बिना ज्ञात धातु एकाग्रता है (धातु नियंत्रण नमूनों में निर्धारित मूल्य से मेल खाती है) और X निकाले गए धातु का प्रतिशत है।तत्वों के बीच संबंध का आकलन करने और तत्व उत्थान प्रक्रिया में बेहतर अंतर्दृष्टि देने के लिए प्रायोगिक डेटा पर सहसंबंध विश्लेषण (Correlation analysis) लागू किया गया था।

3. परिणाम और परिचर्चा :

इस अध्ययन में धनिया, मेंथा और गेहूं घास के जैव मात्रा द्वारा क्रोमियम (Cr), मैंगनीज (Mn), कोबाल्ट (Co), निकल (Ni), तांबा (Cu), जस्ता (Zn), कैडमियम (Cd) और सीसा (Pb) का जैव शोषण किया गया। धातु आयनों के लिए इन तीन जड़ी बूटियों के जैव मात्रा की बाध्यकारी क्षमता को कार्बोक्जिलिक एसिड समूहों (COOH) और हाइड्रॉक्सिल समूहों (OH) की उच्च मात्रा की उपस्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है, जहां से यह धातु हाइड्रोजन आयन विनिमय कर सकते हैं। परिणामों से यह स्पष्ट है कि प्रत्येक पौधे के 1.0 ग्राम जैव मात्रा से विलयन से विषाक्त तत्वों को हटाने का प्रतिशत उसी पौधे के 0.1 ग्राम की तुलना में काफी अधिक है, जिससे संकेत मिलता है कि विलयन में विषैले तत्वों की समान सांद्रता (5 पीपीएम) को हटाने के लिए 0.1 ग्राम से अधिक उचित मात्रा 1.0 ग्राम है (चित्र 1–4)।

सभी आठ विषाक्त तत्वों के लिए औसत मान चित्र– 4 में प्रस्तुत किए गए हैं। Cr की मात्रा गेहूं–घास में 76.4% एवं धनिया और मेंथा में 33% और 6% प्राप्त हुई। अतः Cr अवशोषण के लिए गेहूं–घास की उच्चतम दक्षता की पुष्टि होती है। Mn के लिए, सबसे अधिक मात्रा गेहूं–घास (99.5%) में पाई गई। धनिया (69%) और मेंथा (20%) में इसकी मात्रा कम प्राप्त हुई। अतः Mn अवशोषण के लिए भी गेहूं–घास की उच्चतम दक्षता की पुष्टि होती है। Co के अवशोषण के लिए, गेहूं घास (45.9%) को, धनिया (43%) और मेंथा (9.3%) की तुलना में सबसे अधिक कुशल पाया गया। Ni के अवशोषण के लिए, मेंथा (15.9%) और धनिया (10.6%) की तुलना में, गेहूं घास को सबसे प्रभावी (28.7%) पाया गया। Cu अवशोषण के लिए, मेंथा (9-7%) को गेहूं घास (5. 8%) और धनिया (1.6%) की तुलना में सबसे प्रभावी पाया गया। Zn के अवशोषण के लिए, गेहूं घास (61.3%) को धनिया (18.7%) और मेंथा (1.0%) से अधिक कुशल पाया गया।



चित्र 1. धनिया में भारी धातुओं का प्रतिशत अवशोषण।



चित्र 2. मेंथा में भारी धातुओं का प्रतिशत अवशोषण।



चित्र 3. गेहूं घास में भारी धातुओं का प्रतिशत अवशोषण।

Cd का अवशोषण गेहूं घास में 41.1%, धनिया में 16% और मेंथा में 4.8% पाया गया। केवल मेंथा ही Pb (13%) को अवशोषित करने में सक्षम था, जबकि धनिया और गेहूं–घास का Pb के अवशोषण में कोई योगदान नहीं पाया गया।

गेहूं घास द्वारा थोरियम (Th) और यूरेनियम (U), जैसे रेडियोधर्मी तत्वों को संचित करने की जानकारी भी प्राप्त है। गेहूं–घास के अलावा बाजरा में भारी धातु के संचय की भी जानकारी प्राप्त है। पूर्व में किये गये शोध कार्यो मे यह ज्ञात हुआ है कि मक्का (Zea mays) मे लोहा (Fe), मैंगनीज (Mn) एवं तांबा (Cu) को संचय करने की क्षमता है। इसके अतरिक्त जई (Avena sativa), जौ (Hordeum vulgare), और सरसों (Brassica juncea) मे भी जस्ता (Zn) के संचय की भी जानकारी प्राप्त है। मेथी, काला ज़ीरा और अजवाइन में भी यह गुण होते हैं।

अरबिंद कुमार और सीमा (2016) द्वारा किए गए एक अध्ययन में, जब धनिया को अपशिष्ट जल से सिंचित किया गया तो भारी धातुओं के संचय की सीमा कैडमियम (Cd) के लिए 0.58–1. 47 मिलीग्राम / किलोग्राम, सीसा (Pb) के लिए 1.2–5.0 मिलीग्राम / किलोग्राम, जस्ता (Zn) के लिए 41.2–70.2 मिलीग्राम/ किलोग्राम, तांबा (Cu) के लिए 3.8–8.8 मिलीग्राम / किलोग्राम, क्रोमियम (Cr) के लिए 1.35–2.38 मिलीग्राम / किलोग्राम और निकल (Ni) के लिए 2.4–4.5 मिलीग्राम / किलोग्राम प्राप्त हुई थी (6)। उन्होंने अपशिष्ट जल से सिंचित सब्जियों में भारी धातुओं के संचय का मानव स्वास्थ्य जोखिम सूचकांक (Human Health Risk Index / HRI) भी दिया, जो इस क्रम में है Pb (0. 726)>Cd (0.327)>Ni (0.1083)>Cu (0.094,04)>Zn (0.0652)>Cr (0.00798)। इसी तरह के परिणाम पहले भी दर्शाये गए हैं (6)। Torabian और Mahjouri, 2002 ने बताया कि अपशिष्ट जल से सिंचित पौधों में Cd का जमाव मेंथा के लिए सबसे अधिक था (12)।

4. निष्कर्षः

धनिया, मेंथा और गेहूं–घास के जैव मात्रा को अगर समान मात्रा में मिलाया जाता है, तो इन पौधों से अलग–अलग भारी धातुओं को अलग किया जा सकता है। गेहूं–घास में Cr, Mn, Co, Ni, Zn और Cd के संचय की क्षमता अधिकतम पाई गई। मेंथा में Cu के संचय की क्षमता सबसे अधिक प्राप्त हुई। वर्तमान शोध कार्य में यह भी पाया गया कि Pb का अवशोषण करने के लिए इनमे से सिर्फ मेंथा ही कारगर था।यह तकनीक अत्यंत सुरक्षित और प्रभावी है। इसका उपयोग स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभदायक है।



चित्र 4. अवशोषण में प्रतिशत वृद्धि का तुलनात्मक अध्ययन।

हिंदी शब्दावली तालिका

Absorption	अवशोषण
Automated	स्वचालित
Binding capacity	बाध्यकारी क्षमता
Bio-accumulation	जैव–संचय
Biodegradation	जैव–अवक्रमण
Biomass	जैव–मात्रा
Bio-remediation	जैव–उपचारण
Biosorption	जैवशोषण

Calibration	अंशांकन
Carboxylic groups	कार्बोक्जिलिक समूहों
Centrifuge	अपकेंद्रित्र
Concentration	सांद्रता
Contamination	संदूषण
Coriander sativum	धनिया
Correlation analysis	सहसंबंध विश्लेषण
Deionized	विआयनीकृत
Exchange	विनिमय
Extensive cell damage	व्यापक कोशिका क्षति
Filter	निस्पंदन
Human Health Risk Index (HRI)	मानव स्वास्थ्य जोखिम सूचकांक
Ligno-cellulosic	लिग्नोसेलुलोसिक
Mean experimental metal concentration	माध्य प्रायोगिक धातु सांद्रता
Mentha piperita	मेंथा
Mucosal irritation	सेश्लैष्मिक जलन
Necrotic changes	परिगलित परिवर्तन
Phytochelators	पादपकीलेटर्स
Phytoremediation	पादपउपचारीकरण
Syringe Filter	सिरिंज फिल्टर
Wheatgrass (Thinopyrum intermedium)	गेहूं–घास
Toxicity	विषाक्तता

संदर्भ सूची :

[1] Bhati M. (2016), Nanotechnology Application in Water Purification: An Indian Context. Vigyan Prakash, 14(1& 2),19-28.

[2] Shah K and Reddy M N. (2010), Accumulation of heavy metals by some aquatic macrophytes In: Engineering and Technology, 3(4), 11125-11134.

[3] Karamtothu G N, Devi M A and Naik S J K. (2015), Heavy Metals in Soils and Vegetables Irrigated with Urban Sewage water - A Case Study of Grat-er Hyderabad. Int. J. Curr. Microbiol. Appl. Sci., 4 (5), 1054-1060.

[4] Akpor O B and M Muchie (2010), Remediation of heavy metals in drinking water and wastewater treatment systems: Processes and applications. Int. J. Phys. Sci., 5 (12), 1807-1817.

[5] Aate J, Urade P, Potey L and Kosalge S. (2017), A Review: Wheat grass and its Health Benefits. Int. J. Pharm. and pharm. Res., 9(4), 288-298.

[6] Kumar A and Seema. (2016), Accumulation of heavy metals in soil and green leafy vegetables, Irrigated with wastewater. IQSR J. Env. Sci. Toxic Food Tech., 10 (10), 8-9.

[7] Baysal A, Ozbek N, and Akman S. (2013), Determination of Trace Metals in Waste Water and their removal processes. In: Waste Water–Treatment Technologies and Recent Analytical Developments. Intech open Science publishers, Ch-7.

[8] Ahluwalia S S and Goyal D. (2007), Microbial and plant derived biomass for removal of heavy metals from wastewater. Biores. Tech., 98 (12), 2243-2257.

[9] Bhat S, Kaushal P, Kaur M and Sharma H K. (2014), Review. Coriander (Coriandrum sativum L.): Processing, nutritional and functional aspects Afr. J. Plant Sci., 8(1), 25-33.

[10] Dinu C, Gheorghe S, Tenea A G, Stoica C, Vasile G, Popescu R L, Serban E A and Pascu L F. (2021), Toxic Metals (As, Cd, Ni, Pb) Impact in the Most Common Medicinal Plant (Mentha piperita) . Int. J. Environ. Res. Public Health, 18(8), 3904.

[11] Welna M, Madeja A S and Pohl P. (2011), Quality of the Trace Element Analysis: Sample Preparation Steps, Wide Spectra of Quality Control, In: Waste Water–Treatment Technologies and Recent Analytical Developments. Intech open Science publishers, Ch-4.

[12] Torabian A and Mahjouri M. (2002), Heavy metals uptake by vegetable crops irrigated with waste water in South Tehran. J. Env. Study, 16 (2), 34.

उच्च दक्षता सौर सेल के लिए चतुष्क अमोनियम धनायन युक्त स्थायी लेड हैलाइड पेरोवस्काइट

Stable Lead Halide Perovskite with Quaternary Ammonium Cations for High Efficiency Solar Cell

नमन शुक्ला, बी.गोपाल कृष्णा, संजय तिवारी

Naman Shukla[1], B.Gopal Krishna[2], Sanjay Tiwari[3]

[1,2,3] Photonics Research Laboratory, SOS in Electronics and Photonics,

Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur, Chhattisgarh- 492010

[1]naman.shukla43@gmail.com, [2] krishna_burra85@yahoo.com, [3] drsanjaytiwari@gmail.com

सारांश

कार्बनिक अकार्बनिक लेड हैलाइड पेरोवस्काइट अपने उच्च प्रकाश–अवशोषण–गुणांक तथा लगभग 1.5 eV से 2.0 eV के परिवर्तनीय ऊर्जा बैंड अन्तराल के कारण प्रकाशवोल्टीय युक्ति के लिए उपयुक्त है। किन्तु हैलाइड पेरोवस्काइट आधारित सौर सेलों में तापीय अस्थायित्व और नमी सवेंदनशीलता विद्यमान है, जो सेल के स्थायित्व और दक्षता को प्रभावित करते हैं। इस शोधपत्र में, सौर सेल अनुप्रयोगों के लिए चतुष्क अमोनियम धनायन आधारित लेड हैलाइड पेरोवस्काइट $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ के संश्लेषण की रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया हैं। विजिबल–अल्ट्रावायलेट वर्णक्रम (UV-Vis) के स्पेक्ट्रोस्कोपिक अध्ययनों से संश्लेषित पेरोवस्काइट का ऑप्टिकल बैंडगैप 2.61 eV प्राप्त किया गया है। $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ आधारित पेरोवस्काइट सौर सेल में इलेक्ट्रान आवेश परिवहन को सुगम बनाने हेतु TiO_2 व धनात्मक आवेश परिवहन के लिए PEDOT:PSS का उपयोग किया गया है। सौर सेल की डिवाइस संरचना पारम्परिक n-i-p प्रकार की है। FTO / c-TiO_2 / $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ / PEDOT:PSS / Al का ओपन सर्किट वोल्टेज (Voc), शॉर्ट सर्किट करंट डेन्सिटी (Jsc)और दक्षता क्रमशः 0.5 V, 6.7 mA / cm^2 और 2.09% हैं। इन परिणामों से स्थापित होता है कि चतुष्क अमोनियम धनायन युक्त लेड हैलाइड पेरोवस्काइट $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ का उपयोग स्थाई प्रकाशवोल्टीय युक्तियों के निर्माण हेतु किया जा सकता है।

Abstract

Organic Inorgnic lead halide Perovskites are promising photovoltaic materials with high light absorption coefficient and tunable band gap of 1.5 to 2.0 eV. But these materials are thermally instable and moisture sensitive. In this paper, we report the synthesis of lead halide perovskites $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ with quaternary ammonium cations for solar cell applications. The UV-Vis spectroscopic studies revealed that the optical band gap of synthesized perovskite is 2.61 eV. $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ based Perovskite solar cell was fabricated in ambient conditions by usingTiO_2as electron charge transport material and a PEDOT: PSS as hole transport material. The architecture of fabricated solar cell is conventional n-i-p type device structure. The open-circuit voltage (Voc), short circuit current density (Jsc) and efficiency of FTO/ c-TiO_2/ $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ / PEDOT:PSS/ Al are 0.5 V, 6.7 mA / cm^2 and 2.09 % respectively. These results shows that lead halide perovskites with quaternary ammonium cations can be used for fabricating stable photovoltaic devices.

विशिष्ट शब्द : पेरोवस्काइट, ऊर्जा बैंड अन्तराल, फोटोवोल्टिक युक्ति।

Keywords: Perovskite, Energy band gap, photovoltaic device.

1. प्रस्तावना

पेरोवस्काइट सौर सेल पर लगभग 14 वर्ष से भी कम शोध अवधि में जो परिणाम प्राप्त हुए हैं, वह सौर सेल के गुणधर्म के अनुकूल व आदर्शात्मक है। सौर ऊर्जा को विद्युत् ऊर्जा में परिवर्तित करने की उच्च दक्षता और साधारण व सस्ती फैब्रिकेशन तकनीक के कारण ही यह सौर अनुसंधान का केन्द्र बिंदु बना हुआ है। इसकी विशेषताएं, जैसे उच्च अवशोषण गुणांक (High Absorption Coefficient) (लगभग 10^5 cm^{-1}) (1), अधिक विसरण लम्बाई (large diffusion Length), तीव्र गति से आवेशों के अलग–अलग होने की प्रक्रिया (fast charge separation process), इलेक्ट्रॉन व होल (charge) की अधिक परिवहन दूरी (long transport distance of electrons and holes), बैंड अंतराल ट्यूनेबिलिटी (band gap tunability) (2) और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम के विजिबल व अल्ट्रावायलेट वर्णक्रम के अधिकतर भाग में अवशोषण क्षमता (broad absorption spectrum) का होना है। विभिन्न पेरोवस्काइट यौगिकों में कार्बनिक–अकार्बनिक हैलाइड पेरोवस्काइट भी सम्मिलित है, जिसका सामान्य अणु फार्मूला (molecular formula)ABX_3 है। इसमें A एक कार्बनिक धनायन (organic cation) जैसे CH_3NH_{3+}, B एक धातु धनायन (metal cation) (जैसे Sn^{2+}or Pb^{2+} इत्यादि) और X एक हैलोजन ऋणायन (जैसे F^-, Cl^-, Br^- or I^- इत्यादि) है। पेरोवस्काइट मिथाइल अमोनियम लेड आयोडाइड ($CH_3NH_3PbI_3$) को सबसे अधिक उपयोग में लाया गया है, जिसको संश्लेषित करने के लिए कार्बनिक यौगिक मिथाइल अमोनियम आयोडाइड (MAI) का उपयोग करते हैं, और मुख्य लेड साल्ट PbI_2 या $PbCl_2$ होता है।

सर्वप्रथम 2009 में, मियासका और उनके सहयोगियों द्वारा लगभग 3.8 % की दक्षता रिपोर्ट की गई थी। इसमें ऑर्गनोमेटल हैलाइड पेरोवस्काइट ($CH_3NH_3PbI_3$) को डाई–सेंसिटाइज़्ड सौर सेल (DSSC) आर्किटेक्चर में डाई के रूप में प्रयोग किया गया था (3)। तीन वर्ष से कम समय में ही माइक ली, हेनरी स्नैथ और उनके साथियों द्वारा डीएसएससी (DSSC) के तरल इलेक्ट्रोलाइट को ठोस होल (charge) परिवहन परत (hole transport layer) द्वारा प्रतिस्थापित करके 9.7% पॉवर रूपांतरण दक्षता प्राप्त की गई (4)। इस युक्ति में, mp-TiO_2 को Spiro-MeOTAD को क्रमशः इलेक्ट्रान ट्रांसपोर्ट लेयर व होल ट्रांसपोर्ट लेयर के रूप में उपयोग किया गया था। बुरश्का और उनके साथियों (Burschka et al.) ने संवेदीकृत आर्किटेक्चर में दो–चरणी लेपन प्रसंस्करण का प्रयोग करके 15% से अधिक सेल दक्षता की तकनीक प्रस्तुत की गयी थी (5)। झोउ व अन्य साथियों (Zhou at al.) द्वारा एक प्लेनर हेट्रोजंक्शन पेरोव्सकाइट सौर सेल में चार्ज ट्रांसपोर्ट लेयर में वाहक (carrier) की गतिशीलता को नियंत्रित करके 19.3% दक्षता को रिपोर्ट किया गया था (6)। यांग व अन्य साथियों (Yang et al.) नें इंट्रामोल्युलर एक्सचेंज व त्रुटि को नियंत्रित करके फॉर्मिमिडीनियम लेड आयोडाइड ($FAPbI_3$) निर्मित सौर सेल में लगभग 20% से भी अधिक दक्षता प्राप्त की थी। इसमें प्लेनर थिन फिल्म आर्किटेक्चर पर प्रयोग हुआ था (7)। वर्तमान में, पेरोवस्काइट (कार्बनिक अकार्बनिक हैलाइड तत्व) सौर सेल में लगभग 25% तक की कार्यक्षमता को रिपोर्ट किया गया है (8)। इतने कम शोध काल में, दक्षता की इतनी वृद्धि आकर्षित करने वाली है। सहज प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं से बना पेरोवस्काइट सौर सेल कम मूल्य में, सुगम व एक सुनहरे विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। पेरोवस्काइट लेयर पारदर्शी होने के कारण इसे सिलिकॉन सौर सेल के साथ टैंडेम सौर सेल (Tandem Solar Cell) के रूप में भी

अध्ययन किया गया है। अभी इसमें कुछ चुनौतियाँ भी हैं, जैसे– नमी युक्त वातावरण में प्रतिकूल प्रभाव के कारण दक्षता एवं स्थायित्व में तेजी से गिरावट को रिपोर्ट किया गया है। उच्च तापमान और यूवी विकिरण में पेरोवस्काइट सौर सेल का प्रति पल क्षरण होता है और गुणवत्ता में कमी आती है, जिसके कारण सेल का प्रदर्शन लगातार बिगड़ता है। 2017 में, जफ़रज़ादेह और अन्य सहयोगियों ने (Jafarzadeh et al.) ने स्थिर पेरोवस्काइट टेट्रामिथाइलअमोनियम लेड आयोडाइड ($TMAPbI_3$) के संश्लेषण और लक्षण वर्णन को रिपोर्ट किया है। इसमें सौर सेल के अनुप्रयोग को नही दर्शाया गया है (9)। बनर्जी और उनके साथी (Banerjee et al.) द्वारा लेड रहित टेट्रा मिथाइल अमोनियम पेरोवस्काइट में फोटोवोल्टीय प्रभाव को रिपोर्ट किया गया है (10)।

प्रौद्योगिकी के विकास व औद्योगिकीकरण हेतु अनेकों वैज्ञानिक व शोधवेत्ताओं का समूह पेरोवस्काइट के भिन्न–भिन्न पहलुओं पर शोध कार्य कर रहे हैं। प्रायः मिथाइलमोनियम (MA^+) और फॉर्मामिडिनम (FA^+) को कार्बनिक धनायन व लेड (Pb^{++}) को कुशल अकार्बनिक धनायन के रूप में प्रयोग किया गया है। Cl^-, I^- और Br^- हैलाइड घटक जैसे प्रयोग किये हैं। भिन्न–भिन्न हैलाइड (Cl, I और Br इत्यादि) प्रयोग करके ऊर्जा अंतराल को परिवर्तित कर सकते हैं, जिससे पेरोवस्काइट सौर सेल से इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम के विजिबल व अल्ट्रावायलेट वर्णक्रम के सभी भागों पर अवशोषण सुनिश्चित कर सकते हैं। अत्यधिक पारदर्शी ZnO और TiO_2 के पतली फिल्मों को व्यापक रूप से इलेक्ट्रॉन ट्रांसपोर्ट लेयर और पीइडॉटःपीएसएस (PEDOT:PSS), स्पाइरोमीटेड (Spiro-MeOTAD) और बहुलकित एसडब्लूसीएनटी द्रव्य को होल ट्रांसपोर्ट लेयर के लिए इस्तेमाल किया जाता है (11) (12)। यहाँ हम सरल और कम लागत में रासायनिक संश्लेषण तकनीक द्वारा एक स्थिर चतुष्क अमोनियम धनायन आधारित लेड हैलाइड पेरोवस्काइट $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ के संश्लेषण और प्रकाशवोल्टीय उपयोग की रिपोर्ट करते हैं। पेरोवस्काइट $TMAPbI_{3-x}Cl_x$ में पारम्परिक धनायन मिथाइल अमोनियम आयोडाइड के स्थान पर धनायन टेट्रामिथाइलअमोनियम आयोडाइड का उपयोग किया गया है। चतुष्क अमोनियम धनायन आधारित लेड हैलाइड पेरोवस्काइट को बहुत ही सस्ते कच्चे द्रव्यों से संश्लेषित किया गया है। सामान्यतः इसमें भी एक कार्बनिक यौगिक और एक लेड साल्ट है। $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ पर आधारित पेरोवस्काइट सौर सेल में इलेक्ट्रॉन आवेश परिवहन को सुगम बनाने हेतु TiO_2 एवं धनात्मक आवेश परिवहन के लिए PEDOT:PSS का प्रयोग किया गया है। इस सौर सेल की पारम्परिक डिवाइस संरचना n-i-p प्रकार की है। FTO / c-TiO_2 / $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ / PEDOT:PSS / Al का ओपन सर्किट वोल्टेज (Voc), शॉर्ट सर्किट करंट डेन्सिटी (Jsc) और दक्षता क्रमशः 0.5 V, 6.7 mA / cm^2 और 2.09% हैं।

2. डिवाइस संरचना

इस कार्य में, पारम्परिक n-i-p युक्ति संरचना (device structure) Glass / FTO / c-TiO_2 / $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ / PEDOT:PSS / Al क्रमशः नीचे से ऊपर स्टैकफॉर्म में लिए थे। डिवाइस संरचना चित्र 1 में प्रदर्शित की गई है।



चित्र – 1 युक्ति एवं युक्ति संरचना

2.1 प्रयोग के विभिन्न तत्वों के विषय में जानकारी

सभी रसायन सामग्रियों को मर्क, सिग्मा एल्ड्रिच व सिस्को रिसर्च लेबोरेटरीज प्रा. लि.से खरीदा गया था। जिस रूप में प्राप्त हुआ था, वैसे ही प्रयोग में लाया गया था। इसमें कोई अन्य शुद्धिकरण का उपयोग नहीं किया गया था। टेट्रामेथाइलअमोनियम आयोडाइड (TMAI, 99%), लेड क्लोराइड (TMAI, 99%), डाइमिथाइलफॉर्माइड (N,N DMF, 99%), टाइटेनियम डाइआइसोप्रोपोऑक्साइड (TTIP, 97%), जिंक पाउडर (Zn, 99%), हाइड्रोक्लोरिक एसिड (HCl, 99%)। पॉली (3,4–ईथीलीनडाइऑक्सीथियोफिन–पॉली (स्टाइरीनसल्फोनेट)) PEDOT:PSS, एथेनॉल (CH_3CH_2OH, 99%), एसिटिक एसिड ग्लासिअल (CH_3COOH, 99%) मुख्य कच्चे पदार्थ थे।

2.2 टाइटेनियम डाइऑक्साइड TiO_2 लेयर निर्माण विधि

TiO_2 सघन परत बनाने के लिए सोल–जेल तकनीक Sol-gel Technique का इस्तेमाल किया गया था, जिसमें 2M डाइआइसोप्रोपोऑक्साइड (CH_3COOH, 99%) के साथ उपयुक्त मात्रा में 4 उस एसिटिक एसिड व 1 उस विआयनीकृत जल (deionized water) का प्रयोग किया गया था।

2.3 पेरोवस्काइट सक्रिय लेयर $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ का संश्लेषण

$(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ (टेट्रामिथाइल अमोनियम लेड आयोडाइडक्लोराइड) बनाने के लिए टेट्रामिथाइल अमोनियम आयोडाइड और लेड क्लोराइड लिये थे। रासायनिक क्रिया निम्नलिखित है :

$$(CH_3)_4NI + PbCl_2 \rightarrow (CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$$

पेरोवस्काइट सक्रिय परत $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ को एक–चरण लेपन विधि से बनाया गया था, जैसा चित्र 2 में दिखाया गया है। इस पद्धति में तरल द्रव को जिसमें दोनों अवयव होते हैं, सब्सट्रेट पर स्पिन कोटिंग यूनिट द्वारा लेपित करते हैं। लेपित करने के बाद थर्मल एनीलिंग प्रक्रिया के दौरान ही घटक आपस में क्रिया करके पेरोवस्काइट का निर्माण करते हैं। $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ (टेट्रामिथाइल अमोनियम लेड आयोडाइड क्लोराइड) बनाने के लिए टेट्रामिथाइल अमोनियम आयोडाइड और लेड क्लोराइड का उपयोग किया है। मिथाइलअमोनियम आयोडाइड (MAI) के व्यापक अध्ययन हेतु इष्टतम (optimum) परिणाम के आधार पर टेट्रामिथाइल अमोनियम आयोडाइड और लेड क्लोराइड को क्रमशः 3:1 मोलर अनुपात में 1.8 wt% डाइमिथाइलफॉर्माइड DMF में घोला गया था। इस मिश्रण को हॉट प्लेट पर 135°C ताप पर 3 घंटे के लिए मैग्नेटिक बिट की सहायता से मिलाया गया है। यह द्रव अत्यधिक पीला और समरूप दिखाई देता है।



चित्र 2 पेरोवस्काइट लेयर बनाने हेतु एक चरण लेपन विधि (single step coating process)

2.4 युक्ति निर्माण Device Fabrication

सब्सट्रेट के रूप में फ़्लोरिन डोप्ड टिन ऑक्साइड कोटेड ग्लास का प्रयोग किया गया हैं। एक निश्चित आकार का सब्सट्रेट बनाने के लिए कटीन्ग व इचिंग प्रक्रिया की गयी थी। इलेक्ट्रॉड की व्यवस्थित संरचना तय करने हेतु इचिंग प्रक्रिया अत्यंत महत्वपूर्ण है। इचिंग प्रक्रिया में Zn पाउडर, DI वाटर के साथ 2 मोल HCl लिए गए थे। इस प्रक्रिया के दौरान ऐच्छीक एफटीओ (FTO, फ्लोरिन डोप्ड टिन ऑक्साइड) अर्थात वह भाग जिनमें एफटीओ आवश्यक है, उस भाग की सतह को थर्मल टेप से ढक दिया गया था। पैटर्न एफटीओ को प्रत्येक 20 मिनट के लिए साबुन के पानी, विआयनीकृत पानी, एसीटोन और आइसोप्रोपिल अल्कोहल के साथ अल्ट्रासोनिकेशन द्वारा साफ किया गया था। उसके बाद क्लीनिंग प्रोसेस में सब्सट्रेट से कार्बनिक अशुद्धि को निकालने के लिए UV ओजोन क्लीनर में 30 मिनट रखा गया था। सौर सेल बनाने के लिए पेरोवस्काइट के सक्रिय परत को इलेक्ट्रान आवेश परिवहन TiO_2 की सघन परत तथा धनात्मक आवेश परिवहन PEDOT:PSS परत के मध्य रखा गया हैं। अतः सर्वप्रथम स्पिन कोटिंग यूनिट की सहायता से 1800 RPM पर TiO_2 नैनो पार्टिकल (anatase) को FTO कोटेड ग्लास सतह के ऊपर लेपित किया गया था। इस परत को रूटाइल फॉर्म में अर्थात सघन बनाने के लिए 450°C पर 1 घंटे तापभट्टी (Furnace) में रखा गया था। TiO_2 के सघन परत पर पेरोवस्काइट की सक्रिय परत को एक चरण लेपन विधि से बनाया गया, और फिर इसे 150°C के ताप पर 1 घंटे के लिए रखे थे। युक्ति में पेरोवस्काइट लेयर की मोटाई लगभग 400 nm है। पेरोवस्काइट लेयर पर PEDOT:PSS की धनात्मक आवेश परिवहन परत की कोटिंग किये थे। फिर इसके ऊपर अल्युमीनियम मेटेरियल के इलेक्ट्रॉड को वैक्यूम एवापोरेशन डेपोजिशन मेथड से बनाया गया। इसकी मोटाई लगभग 90 nm थी। मोटाई को वैक्यूम कोटिंग यूनिट के डीटीएम से नियंत्रित किया गया था।

3. उपकरण वर्णन

किथ्ले सोर्स मीटर–2400 का उपयोग करके वोल्टेज – करंट कैरैक्टरिस्टिक्स लिया गया था। इसमें सौर ऊर्जा के कृत्रिम स्रोत 100 mW/cm^2 की तीव्रता के AM 1.5 यंत्र का प्रयोग किया गया है। इसकी तीव्रता को एक सिंगल क्रिस्टल सिलिकॉन (Si) सौर सेल मानक से कैलिब्रेट किया गया था। उत्सर्जन स्पेक्ट्रा कैरैक्टरिस्टिक्स को वरियन करी इक्लिप्स फ्लोरीमीटर (varian cary eclipse fluorimeter) से लिया गया था। थर्मो साइंटिफिक इवोल्यूशन 300 से विजिबल–अल्ट्रावायलेट वर्णक्रम (UV-Vis) में अवशोषण ग्राफ लिया गया। निर्माण–प्रक्रिया में होलमार्क का स्पिन कोटर HO-TH-05 मॉडल का प्रयोग किया गया। इलेक्ट्रोड बनाने के लिए हिन्द हाई वैक्यूम कोटिंग मॉडल 12A4D यूनिट का इस्तेमाल हुआ था।

4. परिणाम और चर्चा

4.1 प्रकाशीय अध्ययन व विश्लेषण

सौर सेल की कार्य करने की निपुणता (performance) प्रकाश ऊर्जा अवशोषक क्षमता से सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। चित्र–3 पेरोवस्काइट लेयर का अवशोषण स्पेक्ट्रा, सौर स्पेक्ट्रम रेंज में अवशोषण की पुष्टि करता है। चित्र–4 में पेरोवस्काइट सौर सेल (सभी लेयर सम्मिलित) के अवशोषण ग्राफ को दिखाया गया है। इसमें भी सौर स्पेक्ट्रम रेंज में संतोषजनक अवशोषण प्राप्त हुआ है। पेरोवस्काइट के पारगम्यता स्पेक्ट्रा को चित्र 5 में दिखाया गया है। इसमें पारगम्यता स्पेक्ट्रा के सिरे पर तेजी से गिरावट को देख सकते हैं। यह पेरोवस्काइट के अच्छे क्रिस्टल निर्माण को प्रदर्शित करता है। पारगम्यता के प्रथम अवकलन (तरंग दैर्घ्य λ के सापेक्ष) से प्राप्त ग्राफ से बैंड अंतराल का

आकलित मान लगभग 2.61 eV निकाला गया।



चित्र 3 पेरोवस्काइट सक्रीय लेयर का अवशोषण स्पेक्ट्रम



चित्र 4 पेरोवस्काइट सौर सेल का अवशोषण स्पेक्ट्रम (सभी लेयर सम्मिलित है)

चित्र–5 पारगम्यता स्पेक्ट्रम के इनसेट में dT / dλ बनाम तरंग दैर्घ्य λ का ग्राफ दिया गया है। एक अन्य मेथड टॉक प्लाट (tauc plot) से भी बैंड अंतराल का आकलित मान लगभग 2.61 eV के निकट ही है। चित्र 6 में टॉक प्लाट को प्रदर्शित किया गया है। इस ग्राफ में फोटॉन ऊर्जा के सापेक्ष $(\alpha h\upsilon)^2$ को दर्शाया गया है। पेरोवस्काइट उत्सर्जन स्पेक्ट्रम को चित्र 7 में दिखाया गया है, जिसमें उत्सर्जन भी विज़िबल रेंज में पाया गया है। इसमें अधिकतम उत्सर्जन लगभग 435 नैनोमीटर के तरंग दैर्घ्य पर प्राप्त हुई है। उत्सर्जन स्पेक्ट्रा के लिए द्रव सैंपल को 380 नैनोमीटर के तरंग दैर्ध्य पर मोनोक्रोमैटिक प्रकाश द्वारा उत्तेजित किये थे और उत्सर्जन स्पेक्ट्रम (emission spectrum) को 400 से 750 नैनोमीटर के बीच प्राप्त किया गया था।



चित्र 5 पेरोवस्काइट का पारगम्यता स्पेक्ट्रा (इनसेटः बैंड गैप का अनुमान लगाने के लिए dT / dλ बनाम λप्लॉट)



चित्र 6 टॉक प्लाट से अनुमानित बैंड अंतराल परिणाम



चित्र 7 पेरोवस्काइट $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ द्रव का उत्सर्जन स्पेक्ट्रा



चित्र 8 पेरोवस्काइट सौर सेल J-V अभिलक्षणन ग्राफ

सारणी 1: फ्रेश सेल एवं दो दिवस उपरांत सेल से प्राप्त परिणाम

पैरामीटर / सेल	Jsc (mA/cm²)	Voc (V)	FF	η(%)
फ्रेश सेल	6.7	0.5	0.25	2.09
2 दिवस उपरान्त सेल	6.5	0.5	0.25	2.03

उल्लेखनीय है कि पेरोवस्काइट हैलाइड सौर सेल का निर्माण प्रयोगशाला में सामान्य वातावरण में किया गया तथा प्राप्त परिणामों से यह परिलक्षित होता है कि सौर सेल के आवश्यक प्राचलों और दक्षता में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

4.2 इलेक्ट्रिकल लक्षण वर्णन

जैसा चित्र–1 में दर्शाया गया है कि प्रकाश एक पेरोवस्काइट सौर सेल के पारदर्शी इलेक्ट्रोड से होकर पेरोवस्काइट परत पर जाती है तो अवशोषित होकर इलेक्ट्रॉन–होल जोड़े बनाती है। ये आवेशित कण (Charge Particles) कम बंधन ऊर्जा (low binding energy) के कारण अलग हो जाते है। और फिर इलेक्ट्रॉन व धनात्मक आवेश परिवहन परत (electron and hole charge transport layer) के माध्यम से सबंधित इलेक्ट्रॉड तक पहुँचते हैं और विद्युत प्रवाह (electric current) उत्पन्न करते हैं। वोल्टेज एवं करंट कैरैक्टरिस्टिक्स एक किथ्ले सोर्स मीटर–2400 का उपयोग करके लिया गया था। कृत्रिम AM 1.5 के 100 mW/cm² की प्रकाश तीव्रता में प्राप्त ग्राफ से पता चलता है कि डिवाइस प्रकाशवोल्टीय अनुप्रयोग के लिए उपयुक्त है। इस $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ आधारित पेरोवस्काइट सौर सेल में इलेक्ट्रॉन आवेश परिवहन को सुगम बनाने हेतु c-TiO_2 व धनात्मक आवेश परिवहन के लिए PEDOT:PSS के पतली फिल्म का प्रयोग किया गया है। सौर सेल की डिवाइस संरचना पारम्परिक n-i-p प्रकार की है। FTO/c-TiO_2/$(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$/PEDOT:PSS/Al का ओपन सर्किट वोल्टेज (Voc), शॉर्ट सर्किट करंट डेन्सिटी (Jsc), फिल फैक्टर और दक्षता क्रमशः 0.5 V, 6.7 mA/cm², 0.25 और 2.09% हैं। J-V अभिलक्षण परिणाम को चित्र 8 में देख सकते है। इन परिणामों से स्पष्ट है कि चतुष्क अमोनियम धनायन आधारित लेड हैलाइड पेरोवस्काइट $(CH_3)_4NPbI_{3-x}Cl_x$ का उपयोग स्थिर फोटोवोल्टिक उपकरणों के निर्माण के

लिए किया जा सकता है। फिल फैक्टर बहुत ही कम आने के कारण दक्षता सीमित हो गई है। पेरोवस्काइट और इंटरफेसियल लेयर को इष्टतम परिचालन की अवस्था में उत्कृष्ट परिणाम मिल सकते है, जिसमें अन्य प्राचलों के साथ फिल फैक्टर के भी बढ़ने के आसार रहेंगे।

5. निष्कर्ष

नए कार्बनिक-अकार्बनिक आर्गेनिक हैलाइड पेरोवस्काइट $TMAPbI_{3-x}Cl_x$ का संश्लेषण व लक्षण वर्णन किया गया है। पेरोवस्काइट $TMAPbI_{3-x}Cl_x$ में पारम्परिक MAI के स्थान पर TMAI का प्रयोग धनायन के रूप में किया गया है। $FTO / TiO_2 / TMAPbI_{3-x}Cl_x / PEDOT:PSS / Al$ युक्ति में 2.09 % photovoltaic दक्षता प्राप्त हुई है। ऑप्टिकल अध्ययन से अनुमानित बैंड गैप 2.61 eV प्राप्त हुआ है। सेल बनाने के लिए यह तत्व बहुत ही सस्ता, नमी में भी स्थायित्व का गुण बनाये रखने वाला व आसान तकनीक के कारण उपयुक्त है।

आभार

फोटॉनिक्स शोध प्रयोगशाला, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड फोटॉनिक्स अध्ययनशाला, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़, भारत द्वारा प्रदान की गयी निर्माण (Fabrication) और लक्षण वर्णन तकनीकी (Characterization Techniques) सुविधाओं के लिए आभारी है।

Table of the Hindi equivalents for the technical terms

absorption	अवशोषण
coating	विलेपन, परत चढ़ाना
current density	धारा घनत्व
cutting	कटाई
degraded state	निम्नीकृत अवस्था
device	युक्ति
efficiency	दक्षता
emission	उत्सर्जन
etching	निक्षारण, निकालना
evaporation	वाष्पीकरण
excite	उत्तेजित करना
fabrication	संरचन
intensity	तीव्रता
layer	परत
lead Salt	सीसा नमक
optical	प्रकाशिक
photovoltaic	प्रकाशवोल्टीय
solar cell	सौर सेल
spectrum	वर्णक्रम
synthesize	संश्लेषण
transmission	पारगम्यता
tunability	ट्यून करने की योग्यता, समस्वरणशीलता
ultrasonication	पराश्रवण
ultraviolet	पराबैंगनी
vacuum	निर्वात
Visible	गोचर, दृश्यता
Voltage	वोल्टता
wavelength	तरंग दैर्घ्य

सन्दर्भ :

[1] Green, M., Ho-Baillie, A. and Snaith, H. (2014). The emergence of perovskite solar cells. Nature Photon 8, 506–514.

